# विधायक ने सीएचसी कोरांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

## बंद पड़े शौचालय व खराब शीतल पेयजल के फ्रीजर की मरम्मत कराने की कही बात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव विधायक राजमणि कोल ने शुक्रवार को सायं 4 बजे के करीब सीएचसी कोरांव का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि अस्पताल परिसर में बना सार्वजनिक शौचालय बंद होने के कारण अस्पताल आए लोगों को शौच व पेशाब के लिए दिक्कतें होती हैं। इसी तरह भीषण गर्मी में अस्पताल आए लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु लगाया गया फ्रीजर खराब पड़ा हैं। जिससे लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। विधायक राजमणि कोल ने नवागत सीएचसी अधीक्षक डॉ केबी सिंह को बंद पड़े शौचालय को तत्काल खुलवाने और खराब पड़े फ्रीजर की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्ष ने विधायक राजमणि कोल का स्वागत किया। विधायक राजमणि कोल ने अधीक्षक का अस्पताल की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि किसी भी समस्या का निदान न होने पर मुझे अवगत कराया जाए मैं खुद जिले के अधिकारियों से वार्ता कर अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दूर कराने का काम करूंगा।

उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में अस्पताल आने वाले लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है इससे बड़ी समस्या क्या हो सकती है।विधायक राजमणि कोल ने दवा भंडार कक्ष, जांच लैब आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ केबी सिंह अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव, चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृष्ण केसरी, रामाश्रय शुक्ला विधायक प्रतिनिधि व कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक लाख की नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

## करपिया गांव में बीती रात को अज्ञात चोरों ने वारदात को दिया अंजाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के करपिया गांव में बृहस्पतिवार व शुक्रवार को मध्य रात्रि दो बजे के करीब अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर के अंदर घुस गए। अंदर घुसने के बाद चोरों ने जिस कमरे में गृहस्वामी सालिकराम सो रहा था उसमें बाहर से कुंडी बंद कर दी और जिस कमरे में जेवरात व नकदी रुपए रखे थे।

उस कमरे का ताला तोड़कर बॉक्स में रखें लाखों रुपए के जेवरात झुमका, जंजीर, अंगूठी, पायल, छागल समेत एक लाख रुपए नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब भुक्तभोगी उठा तो देखा घर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। बॉक्स में रखे जेवरात व नकदी रुपए गायब थे। जिसके बाद 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी के वारदात का निरीक्षण कर शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को दोपहर बाद एक बजे के करीब भुक्तभोगी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर चोरी गए जेवरात व नकदी रुपए बरामद कराए जाने की मांग की है।

## डीएम ने किया सूचना विभाग का औचक निरीक्षण

गोण्डा (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। जिलाअधिकारी नेहा शर्मा ने शुक्रवार क़ो मंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय का औच क निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई एवं आगंतुक रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए है।वहीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिया कि सूचना कार्यालय में सु बह दस बजे से पांच बजे तक जितने भी लोग बाह री आते हैं,उनकी डिटेल रजिस्टर में आने और जाने का समय डाला जाए,क्यों सूचना विभाग में किस काम के लिए आए हैं और क्यों बैठे हैं।बताते चलेकि कई ऐसे लोग है जो जिला सूचना विभाग में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक कुर्सी पर चिपक कर बैठे रहते हैं और सूचना कार्यालय मेंऑफिस के कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं,और यहीबैठ कर प्रशासन और पत्रकारों के विरुद्ध साजिश रचते है।जिससे कि सूचना विभाग के कार्यों में व्य वधान उत्पन्न करते है।

## आईएससी की बोर्ड परीक्षा में शुभी मिश्र ने प्राप्त किया 95 फीसदी अंक

गोरखपुर (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। मानस विहार कालोनी निवासी एडवोकेट जय प्रकाश मिश्र की सुपुत्री शुभी मिश्र ने आईएससी की बोर्ड परीक्षा में95 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है गौरतलब है कि क्षेत्र के धर्मपुर स्थित आई एस सी बोर्ड से संचालित लिटिल फ्लावर स्कूल में अध्यनरत शुभी मिश्र इंटरमीडिएट की छात्रा है। पूछने पर उन्होंने ने बताया कि वह आगे और परिश्रम करते हुए इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहतीं हैं। अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनो को दिया है। उसके शानदार कामयाबी पर पत्रकार रमेश मणि त्रिपाठी , बाबा रमाशंकर मिश्र नाना सुनील तिवारी , चाचा संजय कुमार मिश्र, पंकज कुमार मिश्र और मोहल्ले के सम्मानित गणों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीसीएम ने मारी टक्कर जीजा की मौत, साली मासूम बच्ची घायल



उन्नाव (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र नसीरपुर गांव के एक्सप्रेसवे पर डीसीएम ने बाइक को मारी टक्कर,बाइक सवार की मौत, साली और एक साल की बच्ची घायल उन्नाव के बांगमरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को एक सड़क हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर नसीरपुर गांव के सामने एक डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चला रहे फैय्याज अली (45) की मौके पर मौत हो गई। उनकी साली मैना जहां और उनकी गोद में बैठी एक साल की बच्ची सायरा घायल हो गईं। फैय्याज संडीला के तिलैया खुर्द के रहने वाले थे।अपनी साली और बच्ची के साथ बांगरमऊ में एक शव यात्रा में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान नसीरपुर गांव के सामने डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है।

## सिंचाई विभाग में आयोजित हुई आदि गुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती

लखनऊ। (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। आदि शंकराचार्य के प्राकट्य दिवस के अवसर पर सिंचाई भवन मुख्यालय के विभिन्न कर्मचारी संघों ने भोजन अवकाश के अवसर पर एकत्र होकर सनातन धर्म की ध्वजा पूरी दुनिया में फैलने वाले आदि गुरु शंकराचार्य को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर इंजीनियर शैलेंद्र दुबे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सचिवालय संघ के वरिष्ठ नेता हरि शरण मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए शैलेंद्र दुबे ने बताया कि बारह शताब्दियों के अनंतर आज भी शंकराचार्य का कार्य समाप्त नहीं हुआ है।आज मनुष्य के पास ऐश्यर्व के असीम साधन हैं किंतु दुःख संताप की कोई सीमा नहीं है।काम,क्रोध,लोभ,दंभ,विद्वेष, आदि आसुरी भाव मनुष्य को निरन्तर जर्जर कर रहे हैं।परित्राण कहां है। परित्राण केवल मनुष्य की आत्मा के आविष्कार में है।सभी मनुष्यों के अन्दर एक अविभाज्य चैतन्यसत्ता निरन्तर प्रकाशमान रहती है।इस अप्रत्याखेय के ज्ञान के स्वीकार में,इसकी उपलब्धि में और इसके प्रचार में आदि शंकराचार्य का बत्तीस वर्ष का अलौकिक जीवन इस अबाधित सत्य का मूर्त प्रकाश है।

# यूपीएसआईएफएस के प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों ने 112 का परिभ्रमण किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में प्रशिक्षणरत सैन्य अधिकारियों ने आज अपने त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत यू0पी0 112 मुख्यालय लखनऊ का परिभ्रमण किया।यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में सेना के अधिकारियो को यूपीएसआईएफएस द्बारा साइबर एवं फारेंसिक विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इन अधिकारियों को यूपी 112 का परिभ्रमण कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस त्वरित गति से अपराध नियंत्रण के लिए आम जनता से प्राप्त सूचनाओं पर यूपी 112 की कैसे कार्य करती है ? सैन्य अधिकारियों ने इसके परिचालन व्यवस्था को निकटता से देखा । सैन्य अधिकारियों ने यू0पी0 112 के अधिकारियों से संवाद कर साइबर अपराध से संबंधित प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर उनके निराकरण को भी जाना,इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक अतुल यादव ने संस्थान के तरफ से यूपी 112 के उपमहानिरीक्षक साहब रसीद खान, पुलिस अधीक्षक विजय ढुल, अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश पूरी, मोहिनी पाठक को संस्थान के तरफ से प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया(

# औषधि निरीक्षक नेजनपद के केमिस्टो से किया जनसंवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जनपद में प्रत्येक सप्ताहउन्नाव में प्रत्येक सप्ताह को जनसवाद करतें है औषधि निरीक्षक अशोक कुमारआज मियागंज से पहुंचे अंसारी मेडिकल स्टोर के संचालक इमरान अंसारी और औषधि निरीक्षक ने उनसे किया जनसवाद और उनकी समस्या का किया निस्तारण जैसा कि ज्ञात हो उन्नाव में प्रत्येक बृहस्पतिवार को औषधि निरीक्षक के द्वारा कैम्प का आयोजन किया जाता है और औषधि से संबंधित समस्याओं को सुना जाता है उनका निस्तारण भी किया जाता हैवही मेडिकल से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती हैमैडिकल स्टोर संचालकों के नाम यह संदेश भी दिया नशा मुक्त दवाओं का व्यपार करे और लोगों को अवगत कराएजीवन है अनमोल ये सबको बताएंगे नशा मुक्ति अभियान ,, को सब मिलकर सफल बनाएँगे

# महिला पत्रकार को न्याय न मिलने पर पत्रकारों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

## पत्रकारों के समर्थन में उतरी भीम आर्मी सेना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। महिला पत्रकार व उसके परिजनों को मार ने-पीटने तथा उसकी नाबालिग बहन के साथ छेड़ छाड़ के मामले में कोतवाली देहात पुलिस द्वारा का र्रवाई न किए जाने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रे ट परिसर में स्थित जिला पंचायत टीनशैड के नीचे धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ,जिसमें पत्रकारों के साथ ही भीम आर्मी सेना के लोग भी शामिल हुए शुक्र वार को सुबह ही पत्रकार रूबी अवस्थी बड़ी सं ख्या में पत्रकारों के साथ धरने पर बैठ गयीं।इस दौरान भीम आर्मी सेना ने भी समर्थन में आ गयी और धरना-प्रदर्शन में तमाम लोग शामिल हुए। पत्रकार रूबी अवस्थी ने कहा कि उनके गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने उसे तथा उसके परिजनों को मारा-पीटा जिसमें उसके भाई का लखनऊ में इलाज चला। इस मामले में पुलिस ने 14 मार्च को मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन बाद में विपक्षियों से भी साठगांठ करके दूसरे दिन क्रास केस दर्ज कर दिया। इससे आरोपियों का मनोबल बढ़ गया जिसका नतीजा यह हुआ कि 21 मार्च को उसकी नाबालिग बहन से विपक्षियों ने छेड़छाड़ की। बदनीयती से उसका कपड़ा फाड़ दिया गया, जिसके संबंध में राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ ही जनपद के सभी प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसकी बहन के साथ की गयी बदसलूकी का मामला आरोपियों के खिलाफ देहात कोतवाल ने दर्ज करने से साफ इंकार कर दिया। इससे निराश होकर उसने शुक्रवार से धरना-प्रदर्शन शुरू किया है। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के साथ ही भीम आर्मी सेना ने भी धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदीप तिवारी, अनिल दूबे, अशोक पाठक, ए आर उस्मानी, किशोर जायसवाल, खुशबू कनौजिया, जितेन्द्र कुमार सोनकर, जोगेन्द्र प्रसाद, रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, मुन्नालाल पांडेय, राजकुमार तिवारी, विनोद तिवारी, विशाल गुप्ता, अमित गौतम, राहुल तिवारी, दुर्गेश जायसवाल, सूर्य मणि द्विवेदी, शनि सिंह, नीरज शुक्ला, करन बौद्ध, अमरेश प्रजापति, अमित कुमार गौतम, अशोक कुमार, देवी प्रसाद, संतोष भारती, शिव कुमार, उपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व भीम आर्मी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बेनतीजा रही वार्ता

धरने पर बैठे पत्रकारों से बातचीत करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचे लेकिन बात नहीं बनी। शाम को फिर सीओ सिटी के साथ सिटी मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे और पत्रकारों से बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि आज धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए और कल पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर लें, लेकिन इस सुझाव को पत्रकारों ने मानने से इंकार कर दिया। देर शाम तक धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

# बिहार चुनाव के लिए भाजपा सरकार का एक राजनीतिक जुमला भर है जाति जनगणना : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में केंद्र सरकार और भाजपा पर जातिगत जनगणना के मुद्दे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा जनगणना का विरोध किया है, लेकिन अब ऐसी क्या मजबूरी है कि जिस मुद्दे का प्रधानमंत्री और भाजपा के कई प्रमुख मंत्रियों ने पुरजोर विरोध किया, आज यू टर्न लेते हुए जातीय जनगणना करने पर उतर आए हैं। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि हालांकि भाजपा सरकार के जातीय जनगणना के फैसले को लेकर विपक्ष के सभी दल एकमत है और उनके फैसले का स्वागत भी करते हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जाति जनगणना होना ही चाहिए, इसमें कोई दो मत नहीं है, हमने भी जातीय जनगणना का पुरजोर समर्थन किया है। लेकिन भाजपा की जो मानसिकता है और जातीय जनगणना को लेकर इनका जो यू टर्न है इसके पीछे आखिर क्या कारण है? आप सांसद संजय सिंह ने बताया कि इसके पीछे दो कारण हैं। एक तो पहलगाम की घटना से लोगों का ध्यान भटकने और दूसरा बिहार चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने के लिए भाजपा अब जातीय जनगणना की हिमायत कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने खुद कहा था की जो जातीय जनगणना की बात करता है वह पाप करता है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अनुराग ठाकुर ने भी इसके खिलाफ बयान दिए थे। संजय सिंह ने कहा कि जातीय जनगणना पर ज्यादा ढोल पीटने की जरूरत नहीं है, ये बिहार चुनाव के लिए भाजपा सरकार का एक राजनीतिक जुमला भर है।

### केंद्र सरकार से पूछे तीन सवाल

प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा से तीन बड़े सवाल पूछे। पहला, केंद्र सरकार जनगणना की तारीख तय करे, कहीं इस मुद्दे का हाल भी महिला आरक्षण जैसा न हो, जिसे कानून बनने के बावजूद लागू करने की कोई समय सीमा नहीं है। दूसरा, बजट क्यों नहीं तय हुआ? सरकार ने अब तक जातिगत जनगणना के लिए कोई बजट नहीं घोषित किया है। तीसरा, आरक्षण पर रोडमैप क्या है? अगर जातिवार आंकड़े आ भी गए तो भाजपा बताए कि इसके बाद वह क्या कदम उठाएगी? क्या आरक्षण बढ़ाया जाएगा? कोर्ट पहले ही तमिलनाडु जैसे राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण पर रोक लगा चुका है।

### केंद्र सरकार की नौकरियों में भेदभाव

इस दौरान केंद्र सरकार में सामान्य वर्ग के अधिकारियों की ज़्यादा संख्या होने की बात को आंकड़ों के ज़रिए समझाते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के अनुसार 322 संयुक्त सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों में से 254 सामान्य वर्ग के हैं, जबकि ओबीसी केवल 39, एससी 13 और एसटी 16 हैं। उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं है और वहां भी यही असंतुलन है। पूरे देश के हाई कोर्ट के अंदर कुल 661 जज हैं, जिनमें से 550 सामान्य वर्ग के हैं, जबकि ओबीसी के केवल 78, एससी के 21 और एसटी के मात्र 12 जज हैं। दूसरी ओर केंद्रीय विश्विद्यालयों में ट्टए के 82%, ट्ठ के 93% और ग्उए के 96% पद खाली है। इन सभी आंकड़ों पर भाजपा सरकार का क्या जवाब है?

# मैगी बनाने के विवाद में रिटायर्ड कर्मी ने दी जान, गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र में रिटायर्ड कर्मी रामौतार ने मैगी बनाने क विवाद में आत्महत्या कर ली। मृतक पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में थ।

` आपकों बताते चलें कि उन्नाव गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा गोताखोर मोहल्ले में शुक्रवार रात हुई आत्महत्या की घटना ने पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया है। रिटायर्ड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी रामौतार की आत्महत्या भले ही अचानक लगी हो, लेकिन उनके करीबी पड़ोसियों और जानने वालों का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से मानसिक रूप से तनाव में थे। बता दे कि घरेलू कलह और अकेलेपन का बोझ उन्होंने चुपचाप सहा, लेकिन अंततः उनका धैर्य जवाब दे गया। रामौतार की जिंदगी एक अनुशासित कर्मी की तरह बीती थी। फैक्ट्री से रिटायर होने के बाद उन्होंने खुद को परिवार तक सीमित कर लिया था। दो बेटों के पिता रामौतार की पत्नी का निधन कुछ साल पहले हो गया था, जिसके बाद वे और अधिक शांत और चुप रहने लगे थे। पड़ोसियों के अनुसार, रिटायरमेंट के बाद उन्हें अक्सर छोटे-छोटे पारिवारिक मुद्दों में उलझते हुए देखा गया, लेकिन उन्होंने कभी भी अपनी पीड़ा खुलकर नहीं जाहिर की। शुक्रवार रात का विवाद तो केवल एक बहाना था, असल में यह उस पीड़ा का विस्फोट था जो रामौतार लंबे समय से भीतर ही भीतर झेल रहे थे। उनके पड़ोसी सुनील बताते हैं, ''रामौतार अक्सर कहते थे कि अब घर में उनकी बात कोई नहीं सुनता, बच्चे व्यस्त रहते हैं और अब उन्हें अकेलापन काटता है। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो रामौतार का छोटे घरेलू निर्णयों में हस्तक्षेप करना कई बार घर के अन्य सदस्यों को नागवार गुजरता था। शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। मैगी जैसे मामूली विषय पर शुरू हुआ विवाद इस हद तक बढ़ जाएगा, किसी ने सोचा नहीं था। राम औतार की आत्महत्या ने न केवल एक परिवार को झकझोर दिया है बल्कि यह भी सवाल खड़ा किया है।

# बीकेटी में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी हुई आयोजित

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने संगोष्ठी को किया संबोधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन विधानसभा बख्शी का तालाब में किया गया,इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र मोहन एवं संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई,संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्र हित में है यह कोई नया विषय नहीं है देश में आजादी के बाद लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए हैं 1952,1957 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए हैं बाद में कंग्रेस ने अपनी अति महत्वाकांक्षा के चलते कई राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने के बाद यह चक्र टूट गया,आगे उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि एक ही दिन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ होगा जिससे मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा,उन्होंने कहा कि आज जब 60% मतदान होता है तो उसको अच्छा माना जाता है वही 40% लोग मतदान से दूरी बनाकर रखते हैं एक साथ चुनाव होने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा क्योंकि बार-बार चुनाव होने से मतदाता के अंदर चुनाव प्रक्रिया के प्रति नीरसता के भाव उत्पन्न होते हैं जिसके कारण मतदान प्रतिशत में गिरावट आती है,उपस्थित प्रबद्ध जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी चुनाव आने से पहले 6 महीना पूर्व आचार संहिता के कारण विकास कार्य प्रभावित हो जाते हैं चुनाव के बाद जनप्रतिनिधियों को वैसे तो 5 साल का कार्यकाल काम करने के लिए प्राप्त होता है लेकिन एक अनुमान है कि लगभग डेढ़ वर्ष आचार संहिता के कारण जनप्रतिनिधि विकास कार्यों से दूर रहते हैं उनको कार्य करने के लिए मात्र साढ़े 3 वर्ष का ही समय मिलता है एक साथ चुनाव हो जाने से जनप्रतिनिधियों को पूरे 5 वर्ष कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश पर वित्तीय बोझ भी पड़ता है एक साथ चुनाव होंगे तो देश का पैसा बचेगा और यही धन विकास कार्यों में खर्च होगा,जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे उन्होंने कहा कि ऐसा आकलन किया गया है कि एक चुनाव में प्रत्येक मतदाता के ऊपर 1400 रुपए का खर्च आता है,इस प्रकार देश में कई करोड़ मतदाता है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि एक बार चुनाव कराने में देश की जनता का कितना धन खर्च होता है वही बार-बार चुनाव होने से बार-बार मतदाता सूची का पुनरीक्षण होने पर प्रशासनिक कर्मचारी के कार्य पर भी प्रभाव पड़ता है प्रशासनिक कर्मचारी अपने मूल विभाग को छोड़कर मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं चुनाव के कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं जिससे उनके कार्य पर भी प्रभाव पड़ता है प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल भी बार-बार चुनाव होने से प्रभावित होते हैं,आगे उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से राष्ट्र को तो फायदा होगा ही साथ ही साथ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी इसका लाभ मिलेगा वहीं परिवारवाद पर अंकुश लगेगा एक साथ चुनाव होने पर नए कार्यकर्ताओं को आगे आने का अवसर प्राप्त होगा,उन्होंने उपस्थित प्रबुद्ध जनों से अपील की कि इसको लेकर समाज में व्यापक चर्चा करने की आवश्यकता है,गांव एवं शहरों में एक देश एक चुनाव को लेकर जन जागरण करने की आवश्यकता है एक राष्ट्र एक चुनाव देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है।विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में एक राष्ट्र एक चुनाव को अपना समर्थन देते हुए उपस्थित प्रबुद्ध जनों से भी अपना समर्थन देने के साथ गांव एवं शहरों में इसके समर्थन के लिए जन जागरण करने की अपील की।संगोष्ठी में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान,जिलाध्यक्ष लखनऊ विजय कुमार मौर्या समेत अधिवक्ता गण,शिक्षक गण,चिकित्सक,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता,व्यापारी, एनजीओ के सदस्य एवं मंडल अध्यक्षगण,पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उप्र में अगले पांच दिनों तक बदला रहेगा मौसम, बारिश के साथ चलेगी तेज हवाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार का दिन मौसम के लिहाज से सुहाना रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज आंधी के साथ मेघ बरसे और मौसम ने करवट ली। इससे तेज धूप और बढ़ते तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान प्रदेश में मध्य स्थानीय स्तर पर तेज हवाओं के साथ आंधी, बिजली, हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लखनऊ आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के कारण शनिवार से सात मई के मध्य गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा, आंधी-तूफान, तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 32.0-34.0 डिग्री के बीच है, जो सामान्य से 2-3 डिग्री कम रहने की संभावना है तथा न्यूनतम तापमान 25.0-26.0 डिग्री के मध्य है, जो सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक रहने की संभावना है। सापेक्षिक आर्द्रता की अधिकतम एवं न्यूनतम सीमा 71-92 एवं 44-56 प्रतिशत के बीच है।

# नशे की लत ने बना दिया लुटेरा

## बहन ज्वेलर्स की दुकानों पर बेचती थे लुट का माल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज थाना क्षेत्र में 28 अप्रैल को महिला के साथ हुई लूट में शामिल एक महिला सहित दो लुटेरो को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके ऊपर पूर्व में भी कई मुकदमें पंजीकृत है। दिनदहाडे महिला के कान से कुण्डल छीन कर फरार हो गये थे। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर अपराधियों का पता लगाने में जुटी थी। आज सुबह तीनो अभियुक्तों को कबीरपुर से पहले इन्दिरा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाईकिल व घटना के दौरान लूटी की गयी कान का कुण्डल भी ज्वैलर्स की दुकान से बरामद कर लिया है। बीती 28 अप्रैल को गोसाईगंज थाना क्षेत्र अर्न्तगत पीजीआई थाना निवासी आदित्य कुमार रावत अपनी मॉ को लेकर मोटरसाईकिल से अपने घर वापस आ रहे थे। तभी सुल्तानपुर रोड पर ग्राम कबीरपुर के पास पीछे से आ रही अपाचे मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति ने झपट्टा मारकर आदित्य की मॉ के कान का कुण्डल झपट कर फरार हो गये। आदित्य ने घटना की सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी। दिनदहाडे महिला के साथ हुई छिनैती की घटना से पुलिस हरकत में आई। अभियुक्तों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पुलिस टीमो का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया। जिसमें में साक्ष्यों व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को सुबह घटना में शामिल शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम पता बीबीडी थाना अर्न्तगतत नूरपुर बेहटा निवासी अर्जुन रावत, गोसाईगंज थाना अर्न्तगत मीसा निवासी उदयराज व सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित निलमथा निवासी मोहिनी रावत बताया। अर्जुन रावत पर गोसाईगंज, बीबीडी, बाराबंकी में पूर्व में भी मुकदमा पंजीकृत है।डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि पकडे अभियुक्त अर्जुन व उदयराज स्मैक के आदी है तथा महिला अभियुक्ता अर्जुन की बहन है जो कि चोरी व लूट के सामानो को अलग अलग ज्वैलर्स के यहॉ जा कर बेचती थी महिला साथ में होने के कारण ज्वैलर्स को शक नहीं होता था। डीसीपी द्वारा पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का ईनाम की घोषणा की गयी है।

**समाजवादी मिडिया सेल ने कानून व्यवस्था पर उठाया था सवाल**

समाजवादी मिडिया सेल ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर कानून व्यवस्था और महिला अपराध पर योगी सरकार को घेरा था। बुधवार को समाजवादी मिडिया सेल ने एक्स पर दैनिक न्यूज पेपर की कटिंग पोस्ट कर लूट की घटना पर योगी सरकार के दावों पर प्रश्न चिन्ह लगाए थे।

# विपक्ष ने सत्ता में रहकर जातीय जनगणना के नाम पर सेंकी राजनीतिक रोटियां : अनुप्रिया पटेल

## अपना दल (एस) ने पारित किया प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। केंद्र सरकार की ओर से जाति आधारित जनगणना कराए जाने की घोषणा करने के लिए अपना दल (एस) ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल कहा कि आज केंद्र की सरकार ने जब फैसला लिया कि जाति जनगणना कराई जाएगी, तो श्रेय लेने की होड़ मच गई है। गांधी भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विपक्ष के वे दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया था। ये वो दल हैं, जिनके पास सत्ता संभालने के अवसर कई बार आए। ये तमाम क्षेत्रीय दल उन सरकारों में शामिल रहे। इनके पास कई बार इसे लागू करने का मौका था। लेकिन इनके लिए दबा कुचला पिछड़ा समाज सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए हैं। अवसर मिलने के बावजूद जातीय जनगणना कराने का फैसला नहीं किया। जब मोदी जी ने घोषणा कर दी तो इनमें श्रेय लेने की होड़ लग गई।

अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी ओबीसी मंत्रालय की स्थापना की मांग लगातार कर रही है। यकीन रखिए, यह मांग भी एक दिन पूरी होगी। इसके लिए संगठन की अहम भूमिका है। आप संगठन की मजबूती के लिए काम करें। अभी तो शुरुआत है। बड़े-बड़े मुकाम हासिल होंगे। आप सभी साथियों को बधाई देना चाहती हूं, अभिनंदन करना चाहती हूं। यह सफलता सामूहिक है। किसी एक व्यक्ति की नहीं है। सरकार ने यह जो ऐतिहासिक फैसला किया है, उसके लाभ के बारे में समाज को जागृत करना है। खासकर उस समाज को, जिसको यह महसूस होता है कि उसे कोई पूछने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में जब जातियों के सही आंकड़े केंद्र सरकार के पास होंगे तो नीतियों की निर्धारण सही तरीके से हो सकेगा। कमजोर नागरिकों की मदद के लिए सरकार के हाथ आगे बढ़ेंगे। अपना दल एस इसी तरह समाज के विकास के लिए संघर्ष करता रहेगा। फिर से पार्टी की ओर से एनडीए के मुखिया के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना चाहती हूं। इस दौरान पार्टी के विभिन्न मंचों के प्रभारियों की घोषणा की गई। व्यापार मंच का प्रभारी योगी सरकार में मंत्री आशीष पटेल और पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप पटेल ने स्वयं ली। राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाया गया। पंचायती राज मंच का प्रभार विधायक आरके पटेल को दिया गया, युवा मंच का प्रभार विधायक जीतलाल पटेल, आईटी सेल का प्रभार विनोद गंगवार जी को दिया गया। महिला मंच की जिम्मेदारी विधायक सरोज कुरील, अनुसूचित जाति मंच के डॉ.जमुना प्रसाद सरोज, किसान मंच का प्रभार जवाहर लाल पटेल, बौद्धिक मंच के जय कुमार सिंह जैकी व अल्पसंख्यक मंच का प्रभारी विधायक शफीक अहमद अंसारी को बनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र पाल ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया, जिसे कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने समर्थन किया। इस मौके पर विधायक डॉ.सुरभि, विधायक सरोज कुरील, विधायक जय कुमार सिंह जैकी, विधायक जीतलाल पटेल, विधायक आरके पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य करुणा शंकर पटेल आदि उपस्थित रहे।

## नगराम: महिला ने जेठ पर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ। केवली गांव निवासी एक महिला ने जेठ पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए नगराम थाने में तहरीर दी है, वहीं पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी दोनों जेठों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव केवली निवासी पूनम ने अपने जेठ राम प्रताप व शिवकरन के विरुद्ध नगराम थाने में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार की दोपहर वह घर पर थी तभी उसके जेठ राम प्रताप व शिवकरन शराब पीकर आपस में गाली गलौज कर रहे थे मेरे द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर दोनों लोग मिलकर पीटने लगे। आरोप है कि इस दौरान घर से भगा देने व जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि युवती की तहरीर पर दोनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है जांच शुरू कर दी गई है।

## युवती को पड़ोसियों ने पीटकर किया लहुलुहान, हालत गम्भीर

नगराम, लखनऊ। भौंरा खुद गांव निवासी एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए नगराम थाने में तहरीर दी है, वहीं पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव भौरा खुर्द निवासी अर्पणा ने अपने पड़ोसियों रामपति , आशीष व पिंशू के विरुद्ध नगराम थाने में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार की देर रात लगभग 11:30 पुरानी रंजिश के चलते उसके पड़ोस में रहने वाले आशीष अपनी पत्नी रामपती व पिंशू उसके साथ गाली-गलौज कर रहे थे, इस दौरान अपने पति व पिंशू को उकसाया और बोली की इसको बाहर खींच कर लाओ , जिसका मैंने विरोध तो तीनों लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और वह अचेत हो गई, बिहोसी हालत में उसके पति ने ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी नगराम लें गये। जहां अर्पणा की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे ट्रामा -2 के लिए रेफर कर दिया । जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि युवती की तहरीर पर एक युवती समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश जारी है।

## नगराम: शादी से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

नगराम , लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहाँ एक युवक को शादी समारोह से लौटते समय एक दर्जन लोगों ने मिलकर बेरहमी से पीट दिया। यह घटना ग्राम धोबइया मजरा कमालपुर विचलिका निवासी गोपीलाल के पुत्र अवधेश कुमार के साथ हुई है , जो बकतौरी खेड़ा थाना निगोहा क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह से घर लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक गुरुवार की रात जब अवधेश अपने गांव लौट रहा था, तभी फत्ते खेड़ा निवासी अज्ञात व्यक्ति मोहित पुत्र अज्ञात और उसके साथियों ने अवधेश को गांव के पास घेर लिया। बताया जा रहा है कि उक्त आरोपियों अपने एक दर्जन साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी , इन लोगों ने मिलकर अवधेश को लात-घूंसे, लाठी-डंडों से बुरी तरह मारा-पीटा और जातिसूचक गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमले में अवधेश के सिर पर गंभीर चोटें आईं, साथ ही उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।
घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवधेश को सीएचसी मोहनलालगंज पहुँचाया, जहाँ उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इस संबंध में अवधेश की माता, गोपीलाल की पत्नी ने नगराम थाना प्रभारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह हमला पूर्व नियोजित प्रतीत होता है और उनके पुत्र को जान से मारने की साजिश की गई है। नगराम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## यूपी में फलों और सब्जियों के उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में फलों और सब्जियों के उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार की नीतियों और प्रयासों की बदौलत प्रदेश में पहले की तुलना में अब तक फल एवं सब्जी उत्पादन में करीब 150 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2016-17 में फलों एवं सब्जियों के अन्तर्गत क्षेत्रफल क्रमशः 4.75 लाख हेक्टेयर एवं 12.56 लाख हेक्टेयर था। जबकि इनका उत्पादन क्रमशः 105 लाख मीट्रिक टन और 278 लाख मीट्रिक टन रहा। वहीं, वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्रफल बढ़कर क्रमशः 5.92 लाख हेक्टेयर एवं 14.85 लाख हेक्टेयर हो गया है। साथ ही उत्पादन 170.95 लाख मी. टन और 423.54 लाख मी. टन तक पहुंच चुका है। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रदेश में 3.46 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल और 211 लाख मीट्रिक टन उत्पादन में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

# चोरी करने वाले शातिर गैंग को सरोजिनी नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजिनी नगर,लखनऊ। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेकी कर शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन पुरुष एक महिला को सरोजिनी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से चोरी की शराब, नगदी व ज्वैलरी तथा दो अपाचे मोटर साइकिल बरामद की गई हैं।

कुछ दिन पूर्व करमजीत सिंह पुत्र स्व0 बलविंदर सिंह निवासी 21 सिंधु नगर थाना कृष्णा नगर गिन्दनखेडा नादरगंज स्थित शराब की दुकान से करीब 30000 टप नगद एक टीवी और करीब 25000 टप की शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने हाथ साफ किए थे इस घटना के संबंध में थाना सरोजिनी नगर में पीड़ित ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। शुक्रवार के दिन मुखबिर खास की सूचना के आधार पर तीन शातिर अभियुक्त दिनेश उर्फ अबलू (23) वर्ष पुत्र स्व तजम्मुल निवासी ग्राम रमुआपुर नीमसार थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर, इनामुल हक पुत्र इकरामुल हक निवासी एफसीआई गोदाम थाना बाजारखाला जनपद लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष, अरमान पुत्र नफीस अहमद उर्फ शिराजुद्दीन निवासी ग्राम चांदपुर थाना सिटी कोतवाली जनपद बहराइच, काशीराम कालोनी सदरोना थाना पारा जनपद लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष, व एक महिला नीलोफर उर्फ गिट्टा पुत्री स्व0 मुन्ना खान निवासिनी एवरेडी चौराहा इमामबाडा घाना बाजारखाला जनपद लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया। शातिर अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में बंथरा थाना और अन्य थानो में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

डी. सी पी निपुण अग्रवाल ने बताया अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है, जिनके द्वारा गाडियों से घूम फिरकर बन्द घरों व दुकानों की रेकी की जाती थी। तथा रात्रि में मौका पाकर सूनसान घरों व दुकानो में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे और चोरी करने के बाद मौके से फरार हो जाते थे। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# आरएसएम अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट का उप मुख्यमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी, लखनऊ । शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बख्शी का तालाब साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट का फीता काटकर शुभारंभ करेंगे।अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि डेडिकेटेड पीडियाट्रिक केयर यूनिट में 44 बेड होंगे। जिएमें एमएनसीयू,जनरल पीडियाट्रिक वार्ड,एलएमयू शामिल है।एमएनसीयू लखनऊ का पहला और प्रदेश का सबसे बड़ी यूनिट होगी।इसके अलावा''स्पोक और हब'' मॉडल पर पैथोलॉजी लैब का भी शुभारंभ होगा।लैब को लखनऊ की आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ा जाएगा।जिसमें बीकेटी, इटौंजा,अलीगंज,गुड़म्बा,माल, मलिहाबाद,काकोरी व जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर से खून के नमूने लेकर जांच की जाएगी।इस लैब का संचालन 24 घंटे होगा।इसमें तमाम तरह की खून की जांच हो सकेगी।डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मरीजों को सभी तरह की दवाएं मुफ्त मुहैया कराई जा रही है।मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन होगा।प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए अभियान '' एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण भी किया जाएगा।डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान व विधायक योगेश शुक्ला ,महानिदेशक डॉ रतन पाल सिंह सुमन,अपर निदेशक डॉ.जीपी गुप्ता व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.नरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहेंगे।सीएमएस डॉ.वीके शर्मा ने बताया कि अस्पताल में 112 बेड हैं।27 डॉक्टर कार्यरत हैं।

# मेधज ग्रुप में धूमधाम से मनाई आदि गुरु भगवान शंकराचार्य की जयंती

## मनुष्य के आचरण में धर्म स्थापित होना चाहिए : डॉ समीर त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजिनी नगर,लखनऊ। मेधज ग्रुप ने आज आशियाना स्थित मेधज टावर में आदि गुरु भगवान शंकराचार्य की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में मेधज एस्ट्रो यूट्यूब चैनल पर शिव प्रातः स्तोत्रम एवं हनुमान स्तोत्रम का विमोचन भी हुआ।

मेधज ग्रुप के प्रमुख डॉ समीर त्रिपाठी व उनकी माताजी श्रीमती रेखा त्रिपाठी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित के साथ गणेश पूजन कर आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी की जयंती समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर श्रीमती रेखा त्रिपाठी द्वारा जहां शिव प्रातः स्तोत्रम का विमोचन किया गया वहीं राकेश त्रिपाठी ने हनुमान स्तोत्रम का विमोचन मेधज एस्ट्रो यूट्यूब चैनल पर किया।

इस अवसर पर आदि गुरु शंकराचार्य जी को भगवान का स्वरूप बताते हुए डॉ समीर त्रिपाठी ने कहा कि आज ही के दिन वैशाख माह शुक्ल पक्ष की पंचमी को आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि जो अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाए वही गुरु है। चार पीठों की स्थापना कर आदि गुरु शंकराचार्य ने धर्म स्थापित किया था, इसलिए मनुष्य के आचरण में धर्म स्थापित होना चाहिए। ज्योतिष के प्रकांड विद्वान डॉ समीर त्रिपाठी ने कहां कि श्रवण, मनन व कीर्तन से ही मनुष्य देव, पितृ व ऋषि ऋण से मुक्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने लोगों के कल्याण के लिए सूर्य स्तोत्रम की रचना की थी। उन्होंने बताया कि सूर्य की पुत्री पृथ्वी है। इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी के लिए यह मंत्र लाभकारी है। साक्षात देव सूर्य से ही हमें ऊर्जा मिलती है। सूर्य हमारे पिता है, वही ऊर्जा के एकमात्र स्रोत है, उन्हीं से हमें शक्ति मिलती है। सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए 2 मिनट का यह स्तोत्रम सबके लिए फलदाई सिद्ध होगा। धन यश आदि के कारक सूर्य है। सूर्य देव है तो हम हैं। सूर्य उदय से 48 मिनट पहले ही स्नान कर हमें उनका स्वागत करना चाहिए।

डॉ त्रिपाठी रामचरितमानस, शिव पुराण, देवी पुराण व भगवत गीता आदि का भी गायन किया है। कोरोना काल में उन्होंने शास्त्रों के गायन का शुभारंभ किया था। उनका कहना है कि आदि गुरु शंकराचार्य जी कलयुग के भगवान हैं।उनका मणिकर्णिका अष्टकम सुनने मात्र से ही समस्याओं का समाधान हो जाता है। डॉ समीर त्रिपाठी उपनिषदों पर टिका लिखने का भी कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि 108 उपनिषदों में से 14 पर ही टिका लिखा गया है।

डॉ त्रिपाठी से पूर्व उनकी माताजी रेखा त्रिपाठी ने कहा कि शंकर भगवान के स्वरूप आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी ने देश के चारों कोनों पर चार पीठ बनाकर सनातन धर्म को बढ़ावा दिया। उसी के अनुसार हम सबको चलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि मेधज पहली ऐसी संस्था है, जो इस प्रकार का आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर जहां मेधज संस्था के विभिन्न कर्मचारी ने शंकराचार्य के जीवन पर अपने विचार रखे वहीं सुदेश खरे व ओम प्रकाश द्वारा राम मेरे राम सहित कई भजन प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुमारी ने किया।

# नए प्रशासनिक भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू, हुआ भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एक पुराने व जर्जर भवन को तोड़कर नए प्रशासनिक भवन के निर्माण की प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। आज दिनांक 02 मई 2025 को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा भूमि पूजन कर इस महत्वपूर्ण परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया गया।



नवीन भवन के निर्माण से तीन न्यायालयों को आधुनिक एवं सुसज्जित कक्ष प्राप्त होंगे, इसमें अपर जिलाधिकारी (वित्त), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालयों के लिए नये कार्यालय कक्ष शामिल हैं। भवन में दस्तावेज़ों और फाइलों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहेगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि यह निर्माण सुव्यवस्थित न्यायिक व्यवस्था एवं कार्यालय संचालन के लिए आवश्यक था। आधुनिक अधोसंरचना से न केवल अधिकारियों को बेहतर कार्य परिसर मिलेगा, बल्कि नागरिकों को भी त्वरित और प्रभावी सेवाएँ मिल सकेंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मिथिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों को एमडीएम मनमानी तरीके से दिए जाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। सकरन विकास खण्ड का प्राथमिक विद्यालय रेवान एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है जहां इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को मिलने वाला एमडीएम निर्धारित मानक के अनुसार न देकर मनमाने तरीके से दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अनिवार्य रूप से दिये जाने वाले पौष्टिक आहार के लिए रविवार छोड़कर बाकी छः दिनों में दिनों के अनुसार आहार का चार्ट निर्धारित कर दिया गया है बावजूद इसके कुछ लोग अपनी मन मर्जी के अनुसार नौनिहालों को एमडीएम में मौसमी फलों की जगह बिस्कुट का वितरण कर इतिश्री कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सकरन विकास खण्ड की रेवान ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय रेवान में देखने को मिला जहां प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुज कुमार द्वारा आये दिन निर्धारित मानक को दरकिनार करते हुए विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को एमडीएम मनमाने तरीके से दिया गया जिसकी लिखित शिकायत रेवान गांव के ग्रामीण अभिभावक जफर अली ने मुख्यमंत्री, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, विशेष सचिव बेसिक शिक्षा, सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद एवं शिक्षा निदेशक (बेसिक) व मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) सहित जिलाधिकारी सीतापुर को गत 22 अप्रैल को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें जांच कराये जाने की मांग की गयी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि गत 14 अप्रैल सोमवार को विद्यालय में अवकाश था जिससे मंगलवार को निर्धारित दाल चावल के साथ बच्चों को मौसमी फलों का वितरण भी होना था लेकिन जिम्मेदार प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा दाल-चावल न बांटकर बच्चों को तहरी का वितरण किया गया तथा फलों की जगह पारले जी बिस्कुट बांटे गये। ज्यादातर जिस दिन फलों का वितरण होना होता है तो फल न देकर बच्चों को बिस्कुट देकर काम चला लिया जाता है।

प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक एमडीएम बनवाने में बच्चों की उपस्थिति से अधिक फर्जी हाजिरी दिखाकर बच्चों की संख्या अधिक दर्ज कर लगातार भारी घालमेल कर रहे हैं। प्रत्येक बुधवार को बच्चों को नियमानुसार दूध का वितरण होना चाहिए लेकिन गत 30 अप्रैल बुधवार को बच्चों को दूध का वितरण भी नहीं किया गया है। उनके द्वारा लगातार बच्चों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

## स्कूल जाते समय बस की टक्कर से छात्र की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** कुर्सी–महमूदाबाद मार्ग पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में एक स्कूली छात्र की जान चली गई। सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल के पास कक्षा चार का छात्र सौर्य वर्मा (10 वर्ष), अपनी बहन के साथ साइकिल से स्कूल जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार निजी स्कूल बस ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि सौर्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और गुस्से का माहौल है। परिजनों ने बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## लेखपाल के द्वारा सरकारी भूमि के मामले में लगाई गई गलत आख्या

**लहरपुर सीतापुर।** आपको बताते चले लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम निमौची मुश्ताक अली पुत्र बाबू अली नि0ग्राम निमौची पुरवा थाना कोतवाली व तहसील लहरपुर जिला सीतापुर का प्रार्थी उपरोक्त ग्राम सभा का पंचायत मित्र है प्रार्थी के गांव के दक्षिण गाटा सं0 36 खाद्य के गडढे खतौनी मे दर्ज है और इसी के बगल से खडन्जा व नाली है। जिसमे प्रार्थी व अन्य ग्राम वासियो का नाली का पानी निकलता था विपक्षी शफाक अली पुत्र गदा हुसैन ने खाद्य के गडढो को पाट कर उस पर एक तरफ शौचालय व दूसरी तरफ पक्की नीव खडन्जे से सटा कर भर दी है जिससे प्रार्थी व अन्य ग्राम वासियो का पानी निकलना बंद हो गया है। जब इस मामले में लेखपाल महोदय से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया की वीडियो साहब को सूचना दे दी गई है लेकिन पीड़ित के द्वारा दिए गए बयान से यह सब पता चल रहा है कि मामले को उलट–पलट कर गलत आख्या लगा दी गई है प्रार्थी के उपरोक्त प्रकरण की जांच करवाकर विपक्षी के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही व पानी निकलवाने को लेकर कई शिकायत पत्र आईजी आरएस के माध्यम से व लहरपुर उप जिलाधिकारी महोदय व कोतवाली प्रभारी को दिया गया है लेकिन प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही ना होना और लेखपाल महोदय के द्वारा गलत रिपोर्ट लगाना यह एक गंभीर जांच का विषय बना हुआ है। इस सम्बंध में जब लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अप्लिकेसशन ब्लॉक भेज दी है जब बजट आयेगा तो बनवा दी जाएगी ।

## नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने का आरोप

**बिसवां।** कोतवाली बिसवां इलाके के एक मोहल्ले के नाबालिग बालक के साथ बहला फुसलाकर अप्राकृतिक कृत्य किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली बिसवां इलाके के ग्राम जनुवा निवासी दिलदार कोतवाली इलाके के एक मोहल्ले के नाबालिग बालक को खेतों के निकट अपनी झोपड़ी में ले जाकर अप्राकृतिक कृत्य किया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। नाबालिग को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## परेड का निरीक्षण किया



सीतापुर। अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ–सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में अर्दली रूम के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख–रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी जेटीसी/आरटीसी के परिपेक्ष्य में मूलभूत सुविधाओं/व्यवस्थापन हेतु बैरकों एवम् साफ सफाई आदि निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन श्री अमन सिंह व प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स स्कूल बिसवां ने फिर से लहराया परचम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर में आयोजित तृतीय जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल बिसवां के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तथा प्रतियोगिता में सात मेडल व एक ट्रॉफी जीत करके अपने विद्यालय एवं अपने नगर बिसवां का नाम रोशन किया है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं अंशदीप कौर, अलीशा खातून,आदर्श वर्मा, अल्फैज़ अली,कार्तिक शुक्ल,सिद्धार्थ मौर्य,निष्ठा वर्मा,साक्षी वर्मा, रुश्दा खान,अंशुल वर्मा तथा टीम कोच आर्यमान सिंह का भव्य स्वागत तिलक लगाकर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर मंजू सिंह शिकरवार ने इस अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ल ने इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव के क्षण है तथा भविष्य में भी बच्चों को ऐसे ही विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अंकुश वर्मा,मीर शेखावत अली,पूर्णिमा मिश्रा,प्रभात श्रीवास्तव,प्रशांत त्रिपाठी,कादिर नवाज खान,पुष्पेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री का सीतापुर में हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सोहनलाल श्रीमाली उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्गआयोग दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का सीतापुर आगमन पर अखिल भारतीय श्रीमाली महासभा सीतापुर इकाई द्वारा भव्य स्वागत किया गया अपने संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई साथ में पिछड़ा वर्ग सहित सर्व समाज के उत्थान हेतु भी चर्चा की गई भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई सीतापुर और महोली के सभासदों के द्वारा 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन भी मंत्री जी को दिया गया कार्यक्रम में उपस्थित डॉ श्रवण कुमार श्रीमाली अध्यक्ष अखिल भारतीय श्रीमाली महासभा सीतापुर. अरविंद कुमार जी सदस्य जिला योजना सीतापुर. राकेश गुप्ता जी सभासद. विनोदजी सभासद. विष्णु जी सभासद सीतापुर प्रकाश श्रीमाली. नंदलाल श्रीमाली पिंकू सैनी जी पंकज जी खैराबाद प्रमोद चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत बीबीपुर विकास खण्ड- सिद्धौर, जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2025-26 दिनांक 01/05/2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बीबीपुर विकास खण्ड सिद्धौर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) /राज्य वित्त/ चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फ़ेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 04/05/2025 से 15/05/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- अजौवा में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफ़े में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 16/05/2025 को कमेटी द्वारा अपराह्न 10 बजे से 03:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्तें**

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

ग्राम प्रधान
श्रीमती फूलमती
ग्रा0 पं0- बीबीपुर वि0 खं0- सिद्धौर
जनपद- बाराबंकी

सचिव
पुनीत कुमार
ग्रा0पं0- बीबीपुर वि0खं- सिद्धौर
जनपद- बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत इसरौली सारी विकास खण्ड- सिद्धौर, जनपद- बाराबंकी

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त/2025-26 दिनांक 01/05/2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत इसरौली सारी विकास खण्ड सिद्धौर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) /राज्य वित्त/ चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15 वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फ़ेज-2 (एस. एल. डब्लू. एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण, सीमेंटेड बेंच, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 04/05/2025 से 15/05/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- अजौवा में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफ़े में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 16/05/2025 को कमेटी द्वारा अपराह्न 10 बजे से 03:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्तें**

1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

ग्राम प्रधान
रोली
ग्रा0 पं0- इसरौली, सारी वि0 खं0- सिद्धौर
जनपद- बाराबंकी

सचिव
पुनीत कुमार
ग्रा0पं0- इसरौली सारी, वि0खं- सिद्धौर
जनपद- बाराबंकी

# अंतरराष्ट्रीय गिरोह का किया भंडाफोड़, नौ टप्पेबाज गिरफ्तार

## अंतरराष्ट्रीय टप्पेबाजों को सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अंतरराष्ट्रीय गिरोह को पुलिस टीम व सर्विलांस टीम ने वादी फ़ैज़ अहमद ने ऊंचाहार थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि अज्ञात युवाओं कौन है घर आकर उनकी भाभी और मां को दोनों अज्ञानतियों कौन है अपने आप को सोने चांदी के बर्तन की सफाई का केमिकल बेचने वाला बताया प्रार्थी की भाभी के साथ चांदी की अंगूठी अच्छी और कहा कि अंगूठी गंदी है लो साफ कर दें चांदी की अंगूठी की सफाई करने के बाद भाभी मां का विश्वास में आगे और घर में रखा चांदी व सोने का सामान सफाई करने के लिए दे दिया किसी बीच पानी पीने के बहाना बनाकर अज्ञात युवा द्वारा सामान लेकर भाग गए लालगंज की घटना वादिनी उपासना पटेल ने बताया कि लालगंज पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बाहर कुछ अज्ञात लोग केमिकल बचने के लिए आए और उन्होंने मेरी हाथ की अंगूठी पर केमिकल डाला और करने को कहा जिससे मेरे हाथ की अंगूठी चमक गई फिर मैं विश्वास पर अपनी गले की चेन व अंगूठी साफ करने को दे दी इसी बीच बहाना बनाकर वह लोग मेरा सामान लेकर भाग गए प्रार्थना पत्र के आधार पर लालगंज पुलिस टीम ने मुकदमा पंजीकृत किया उक्त पाटिल दोनों घटनाओं के कुलसी हेतु में गठित कर प्रयास किया जा रहे थे अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक ऊंचाहार के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध व्रत करवाई के अंतर्गत ऊंचा पुलिस टीम व सर्व लॉन्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अपराधियों पर नियमानुसार कार्रवाई कर लोग घरों में सोने चांदी के बर्तन साफ-साफ करने वाले केमिकल बचने के नाम पर जाते हैं तथा चांदी जिससे चांदीवास सोने का सामान चमक जाता है विश्वास में आकर अकेली महिलाओं द्वारा जेवर का सारा सामान सफाई के नाम पर दे दिया जाता है और फिर यह लोग महिलाओं को बातों में हंस कर मौका देखकर सामान लेकर भाग जाते हैं।

अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग बिहार व झारखंड के रहने वाले हैं वहां से लेकर अभी तक हम लोगों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया गया जिला कारागार का निरीक्षण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पुरुष बैरक व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनका हालचाल जाना गया। इसके अतिरिक्त दौरान निरीक्षण मानसिक रुप से विक्षिप्त बन्दियों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के विधिक अधिकार विषय़ पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके। दौरान निरीक्षण जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउंसिल जय सिंह यादव, जेल चिकित्सक डा सुनील अग्रवाल, उपकारापाल धर्मपाल सिंह व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

## कांग्रेसियों ने जाति जनगणना पर पड़रौना शहर में धन्यवाद पदयात्रा निकालकर जताई खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पडरौना, कुशीनगर । कंग्रेस पार्टी के तरफ से शुक्रवार को पडरौना नगर के सुभाष चौक से कटकुईया मोड तक जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा के तरफ से कंग्रेस से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के संघर्षों के परिणाम को स्वरूप देते हुए जाति जनगणना को सरकार की ओर से स्वीकार किए जाने के पर धन्यवाद पदयात्रा निकालकर खुशी का इजहार किया। इसमें कंग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे ने कहा कि राहुल गांधी की एक बड़ी जीत है,और राहुल गांधी ने ही जाति जनगणना को लेकर अपने जीवन के मिशन बनाया था,आज वर्तमान में उन्हीं के ओर से बनाए गए दबाव से वर्तमान में भारत सरकार ने जाति जनगणना को स्वीकार करते हुए यह कार्य किया है। इसलिए कुशीनगर में पदयात्रा के माध्यम से स्वामीनाथ यादव, नागेंद्र सिंह,तारकेश्वर सिंह, पलटन यादव,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मोहम्मद जहीरूद्दीन, अशोक सिंह,गोरखनाथ यादव, अरसद खान,संदीप शर्मा,नजीर आलम,भानु प्रताप सिंह,अब्दुल हामिद अंसारी,जफरुल्लाह, सरोज गौतम,जय सिंह,गोविंद राव,मुर्तुजा अंसारी,तोशीबा खान,आफताब आलम,अख्तर अंसारी,सम्राट सिंह,दीपक साहनी,आर्यन,परवेज,वारिस अली,जाहिद कुरैशी आदी संयुक्त कंग्रेस टीम के ओर से यह पदयात्रा निकालकर राहुल गांधी के तरफ से किए गए लंबे समय के संघर्षों की का इनाम बताते हुए सरकार की तरफ से जाति जनगणना को करार देने के मामले में खुशी जाहिर की । पदयात्रा में कंग्रेसियों ने राहुल गांधी की जाति जनगणना होने के लिए एक बड़ी जीत बताई और उन्होंने तखक्तियों पर लिखा कि की राहुल गांधी की अभी अंगड़ाई है आगे और भी लड़ाई है,उन्होंने जाति जनगणना को देश हित के लिए जीत बताया।

### न्यायालय के आदेश के बाद राजस्व टीम ने हटवाया अवैध कब्जा

राजापाकड़/ कुशीनगर। तमकुही राज तहसील क्षेत्र के गड़हिया पाठक में न्यायालय के अनुपालन में गुरुवार को राजस्व टीम 25 वर्षो से बना अवैध कब्जे को हटवाने मौके पर पहुंची थी।न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए तहसीलदार तमकुही राज ने 5 सदस्यीय एक टीम गठित किया था।ग्राम प्रधान शशि भूषण उपाध्याय ने बताया कि ग्राम सभा के सार्वजनिक भूमि पर अवैध पक्का निर्माण कर विपक्षियों ने ग्राम सभा के लोगो का रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। विवादित भूमि ग्रामसभा की सार्वजनिक उपयोग की भूमि है और अभिलेख में रास्ता के नाम अंकित है। इस भूमि पर ग्राम सभा के दो लोग अवैध पक्का निर्माण कर ग्राम सभा के संपत्ति को वर्षो से क्षति पहुंचा रहे थे।वर्षो की लड़ाई के बाद न्यायालय के आदेश पर यह कार्यवाही हुई है। इस मौके पर संदीप कुशवाह,दिलशाद मलिक, शारदा कुशवाहा,वकील कुशवाहा, छोटन,खुशी यादव, शोभी यादव, विपिन पाल साहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ईंट भट्टे के पास मिला युवक का शव, पुलिस ने हत्या की जताई आशंका, जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव में किशोर का शव ईट भट्टे के पास मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली गौरा गांव का रहने वाला फहद जिसकी उम्र लगभग 17 वर्ष है वह कल गांव में ही बहुभोज की दावत में शामिल होने गया था लेकिन घर वापस नहीं लौटा ,घर वालों ने काफी तलाश की जब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी पुलिस भी तलाश में जुट गई आज सुबह गौरा में ही ईट भट्टे के पास एक शव मिला जिसकी पहचान फहद नामक किशोर से हुई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में जुट गई है मृतक के शरीर पर चोट की निशान है इस वजह से पुलिस इस मामले को हत्या की दृष्टिकोण से भी देख रही है। हालांकि अभी तक हत्या का कारण और किसने इस घटना को अंजाम दिया यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस सभी तथ्यों पर जांच में लगी हुई है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना की जानकारी होते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पहुंचे पुलिस छानबीन में जुट गई है। वही इस मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल ने बताया कि गौरा ईट भट्टे के पास शव मिला है जिसकी पहचान फहद के रूप में हुई है जो कल बहुभोज दावत में गया था वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी सूचना पुलिस को दी आज शव बरामद हुआ है गले पर चोट के निशान है शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है 4 टीमों का गठन कर दिया गया है जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा और जो भी अभियुक्त इसमें शामिल है उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## पट्टीदारों से जमीनी विवाद का मामला पहुँचा एसपी के पास



### बेटों को जबरन फंसाये जाने का माँ ने लगाया आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। बेटे व पोते को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार को माँ और दादी पुलिस अधीक्षक के पास अपनी गुहार लेकर पहुँची। मामला थाना बिलरियागंज के गांव सेठारी का है। फरियाद लेकर पहुँची माँ सुमित्रा मिश्रा ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर उनके परिवार की दशकों से पट्टीदारों से रजिश चली आ रही हैं। विगत 22 मार्च को पट्टीदार आपस में ही भिड़ गए लेकिन रंजिशवश उन्होंने इनके दोनों बेटों प्रवीण मिश्रा और प्रदीप मिश्रा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी। तब से इनके दोनों पुत्र डर के मारे घर से लापता हैं उन्होंने बताया कि पट्टीदारों के बीच मारपीट का वीडियो भी स्थानीय लोगों ने बनाया था,जिसमें इनके पुत्रनहीं थे। बाबजूद इसके उन्हें जबरन फँसाया जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए निष्पक्ष जांच करते हुए उनके पुत्रों का नाम मुकदमे से निकाले जाने की मांग की।

## कूड़े में मिला भाजपा का झंडा, सोशल मीडिया पर वायरल, बना चर्चा का विषय

### कंग्रेस ने कहा कि वे अपने झंडे का सम्मान नहीं कर सकते तो देश की जनता का क्या सम्मान करेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद में एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जहां आजमगढ़ के कलेक्टर के सामने अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी का झंडा कूड़े के डेर में फेंका नजर आ रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति भी गर्म हो गई। कंग्रेस के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक संदीप कपूर ने कहां की हम लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को माल्याअर्पण करने आए थे। तो हम लोगों ने देखा कि भारतीय जनता पार्टी का झंडा यहां पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता जब अपने झंडे का सम्मान नहीं कर सकता वह देश की जनता का क्या सम्मान करेगा। विपक्ष का क्या सम्मान करेगा देश के मुद्दों का क्या सम्मान करेगा। यह आपके सामने उनका चाल चरित्र सब सामने है वह अपने पार्टी के झंडे का सम्मान नहीं कर सकते। तो दूसरों का क्या मान सम्मान करेंगे। इस पूरे मामले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा का कहना है कि हम लोग झंडा लगते हैं झंडा रहना चाहिए हम लोग सबके झंडे का सम्मान करते हैं लेकिन कुछ लोग बीजेपी के झंडे का अपमान करके वह सोचते हैं कि हम पार्टी का अपमान करेंगे यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कल समाजवादी पार्टी का धरना था उन लोगों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के झंडे को निकाल कर फेंक दिया। जो हम लोगों को जानकारी मिली है यह कहीं ना कहीं यह लोग दूषित मानसिकता से काम करते हैं इन लोगों को पता नहीं की इस झंडे में कमल का फूल बना जिस पर लक्ष्मी जी बैठ कर आती है यह कुकरित वही सब लोग कर सकते हैं और कोई नहीं कर सकता। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि उन लोगों के पार्टी का झंडा लगा है हम लोगों ने तो कोई आपत्ति नहीं किया। कहां की यह लोग जहां-जहां हम लोगों को अपमान करेंगे हम लोग उतने ही आगे बढ़ते जाएंगे।

### पुलिस ने साइबर फ्राड का 19,335 रूपये कराया वापस



आजमगढ़। जनपद के रहने वाले आर्यन मिश्रा पुत्र सुनील मिश्रा निवासी हीरापट्टी थाना कोतवाली आजमगढ़ के साथ 59000 रूपये का साइबर फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा गएटघ पोर्टल पर Complain No. 3311024013xxxxx पंजीकृत किया गया था । NCRP Complain गध. 3311024013xxxx के आधार पर आवेदक उपरोक्त का 19335 रूपये होल्ड कराया गया था उक्त शिकायत पर विधिक कार्यवाही कराते हुये म0आ0 उमा वर्मा के द्वारा होल्ड हुए पैसे पर मा0 न्यायालय से कोर्ट आर्डर बनवाकर आवेदक के पैसे को वापस कराया गया । आवेदक आर्यन मिश्रा उपरोक्त के साइबर कम्पलेन के जांच के क्रम में साइबर टीम कोतवाली द्वारा आज दिनांक 02.05.2025 को आवेदक के खाते में कुल 19335 रूपये वापस कराया गया ।

### एबीपीएसएस के अनिल बने जिला कोऑर्डिनेटर, राकेश जिला सचिव



कुशीनगर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) की एक बैठक नगर पंचायत रामकोला में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति अनिल सिंह को जिला कोऑर्डिनेटर, राकेश मिश्रा को जिला सचिव और योगेश गोविंद राव को कप्तानगंज तहसील संयोजक चुना गया। जिसकी घोषणा जिलाध्यक्ष कुशीनगर हृदया नन्द शर्मा ने की।शुक्रवात को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि पत्रकार हक और सम्मान के लिए जागरूक हों। एबीपीएसएस देश में लगातार पत्रकार हित को लेकर संघर्ष करता आ रहा है। संगठन का मिशन हैं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना। क्षेत्रीय संयोजक राज सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतन्त्र का सजग प्रहरी होता है। क्षेत्रीय महामंत्री विजय राव, मंडल प्रवक्ता अशफाक अंसारी, मंडल सचिव अजय कुमार सिंह, कसया तहसील अध्यक्ष कामख्या नारायण मिश्रा आदि ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी और कुशीनगर में होने वाले पत्रकार सम्मेलन की चर्चा की। इस दौरान पत्रकार गण मौजूद रहे।

## गौरी नरोत्तम में धारा 24 का पत्थर लगाते राजस्व टीम और ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। जिले के सभी तहसीलों में दर्ज भूमि की पैमाइश के मुकदमों के निस्तारण की गाइडलाइन तय कर देने के बाद गुरुवार को तमकुही राज तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में राजस्व टीम मौके पर पहुंच कर पत्थर लागने का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को तमकुही राज रोस्टर के अनुसार ग्राम हरिहरपुर,मोरवन,विशुनपुरा बरिया पट्टी और गौरी नरोत्तम में 24 पत्थर लगाने का कार्य किया गया। इस संबंध में उप जिलाधिकारी तमकुही राज ऋषभ पुंडीर ने बताया जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में पैमाइश के लिए 25 अप्रैल तक दर्ज धारा 24 के मुकदमों की सूची के अनुसार गांव वार तिथि भी तय कर दी है। इसमें लिए संबंधित लेखपालों व राजस्व कर्मियों की ड्यूटी भी तय कर दी है। पूरे मई महीने में अभियान चलाकर ऐसे सभी मामलों के निस्तारण का लक्ष्य तय किया है। यदि तय तिथि पर किसी कारण से पैमाइश पूरी नहीं हो सकी तो अगले दिन हर हाल में यह काम पूरा कर लेने के निर्देश दिए गये है।राजस्व टीम का ड्यूटी चार्ट राजस्व न्यायालय परिसर में चस्पा कराया जा रहा है ताकि संबंधित पक्ष उसे देखकर तिथि तय लें और तय तिथि पर गांव में जरूर उपस्थित रहें। तय तिथि पर टीम गांव की जमीन पर पहुंचेगी। जरूरत के अनुसार संबंधित थाने की पुलिस भी उपलब्ध रहेगी ताकि विवाद आदि की दशा में कार्रवाई हो सके। पैमाइश पूरी करने के बाद पत्थर नसब की कार्रवाई होगी और इसकी रिपोर्ट जियो टैगिंग के साथ डीएम कार्यालय को उपलब्ध करायी जाएगी।

## बार और बेंच समन्वय से न्याय दिलाएं अधिवक्ता: विजय कुमार दूबे

कुशीनगर। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर अधिवक्ता एसोसिएशन तहसील कसया के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ता भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। प्रदेश में कुशीनगर संसदीय क्षेत्र विकास के क्षेत्र में नए आयाम लिख रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी है। अपील किया कि बार और बेंच के समन्वय से वादकारियों को न्याय दिलाएं अधिवक्ता। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि अधिकार और कर्तव्य के समन्वय से हम विकसित और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम को राम नरेश राय, उपेंद्र तिवारी, अब्दुल हसन सिद्दकी, फूल चंद यादव ने अपने विचार रखे। एसडीएम आशुतोष कुमार ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, महामंत्री संजय कुमार वर्मा विनोद प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, साहब हुसैन, उमा शंकर संयुक्त मंत्री, कोषाध्यक्ष राम चंद्र आदि नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सांसद श्री दूबे ने शपथ दिलाई।एल्डर कमेटी के चेयरमैन केदार नाथ राय, निवर्तमान अध्यक्ष गंधर्व मणि त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री सुरेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अच्छे अंक पाकर बढाया मानपड़रौना



कुशीनगर। रामकोला कुशीनगर क्षेत्र के ग्राम लाला छपरा पोस्ट लक्ष्मीगंज जिला कुशीनगर निवासी मान्या दुबे सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा परिणाम में 97% नंबर प्राप्त कर उत्तीर्ण हुई है । मान्या दुबे लिटिल फ्लावर स्कूल राप्ती नगर गोरखपुर से शिक्षा ग्रहण कर रही थी। परिजनों ने बताया कि पढ़ाई में निचली कक्षाओं से ही वह अव्वल रही है। परीक्षा उत्तीर्ण होने पर पिता अजय कुमार दुबे माता माधुरी दुबे दादा मारकण्डेय नाथ दुबे दादी विद्यावती दुबे ओम प्रकाश मिश्रा डॉ सच्चिदानंद मिश्रा डॉ राकेश पांडेय कृष्ण मोहन पांडेय विवेक कुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# सड़क दुर्घटनाओं में लाई जाए कमी, छात्रों को हेलमेट पहनने को किया जाए जागरूक : आयुक्त

## नाबालिको को ई-रिक्शा चलाने पर हो कठोर कार्रवाई

## चालक और परिचालकों का हो नियमित स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मण्डल में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा करने,ब्लैक स्पॉट की पहचान करने और सड़क सुरक्षा के उपायों को लागू करने, मंडल स्तर पर सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने,दुर्घ टनाओं की संख्या कम करने और सड़क को सुर क्षित बनाने को लेकर शुक्रवार को आयुक्त सभागा र में आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सु शील की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समि ति की बैठक आहूत की गयी।आयुक्त ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना ओं में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग,याता यात विभाग,शिक्षा विभाग,लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग व सड़क निमार्ण एजेन्सियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए।उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि किसी भी नाबालिक को ई रिक्शा चलाने ना दिया जाए नाबालिक द्वारा ई रिक्शा चलाने पर स ख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।उन्होंने सड़क सुर क्षा को एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु सभी वि भागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की हितायत दी।उन्होंने कहा कालेजों में निरीक्षण कर छात्र छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हे ल्मेट पहनने को लेकर प्रोत्साहित करें।उन्होंने परि वहन विभाग को टीम बनाकर ओवरलोड व बिना हेल्मेट, सीट वेल्ट आदि अभियोगों में मैनुअल चा लान करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी को ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण कराते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारि यों को भी स्कूली वाहनों के मानकों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया।उन्होंने विद्यालयों के रोड सेफ्टी क्लब के गठन का दायरा बढ़ाते हुए इसकी कार्यशैली को अधिक उपयोगी बनाने की हितायत दी गयी।परिवहन निगम के अधिकारियो को निर्देश दिये कि चालकों को गलत तरीके से बसों को सड़ क पर खड़ा न करने हेतु निर्देशित करें।चालकों व परिचालकों का नियमित स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराने के साथ ही साथ उनको यातायात के समस्त नियमों के बारे में भी जागरूक किया जाये।

# बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट, बीडीओ ने कटान प्रभावित गांवों का किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आगामी बरसात और संभावित बाढ़ आपदा को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी बलहा सुश्री अपर्णा ने शुक्रवार को घाघरा नदी के कटान प्रभावित गांवों पुरैना भवानी बक्स, सरैय्या , महोली शेर खां, गायघाट समेत कई क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने ग्राम प्रधानों और सचिवों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से पहले ही बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय पूरे कर लिए जाएं।

कटान प्रभावित इलाकों के लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और बाढ़ से बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।बीडीओ सुश्री अपर्णा ने गायघाट में घाघरा बंधे का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने देखा कि नदी के तेज बहाव के कारण बंधे पर लगाए गए पत्थर अस्त-व्यस्त हो चुके हैं। उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर जल्द मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो यह बंधा कट सकता है जिससे आसपास के कई गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह बंधा सिंचाई विभाग ने नदी की धारा को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाया गया था लेकिन पिछले साल आई बाढ़ में इसके लगभग बड़े पत्थर बह गए थे। इस बार यदि घाघरा की लहरें तेज हुईं तो बंधा टूट सकता है जिससे भारी तबाही मच सकती है। बीडीओ बलहा सुश्री अपर्णा ने बताया कि बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत में 30 नाव उपलब्ध है। जिसमें सभी नाव पूर्ण रूप से योग्य है, तथा आवश्यकता अनुसार 10 नाव खरीदने की बात बताई है। बीडीओ ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर बंधे की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है ताकि समय रहते सुरक्षा उपाय पूरे किए जा सकें।क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान बीडीओ के साथ ग्राम पंचायत सचिव आशीष शर्मा, मिथिलेश यादव, शाहिद अली,ग्राम परधान राम आधार, सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारी व नाविक मौजूद रहे।

# डीएम सख्त अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई,लोडर समेत दो ट्रैक्टर ट्राली हुई जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी के सख्त रवैया के चलते खन न माफिया में हड़कंप मच गया है।मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजगढ़ इलाके में देर रा त तीन बजे अवैध मिट्टी खनन और परिवहन की सू चना पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की।खनन विभा ग की टीम ने छापेमारी करके क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए तीन वाहनों दो ट्रैक्टर-ट्रॉ ली और एक ट्रैक्टर लोड को मौके पर पकड़ा गया।अवैध खनन के मामले में प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात दो बजे के करीब गुप्त सूचना मिली थी कि रा जगढ़ गांव में बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पै माने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है और ट्रैक्टरों के माध्यम से उसका परिवहन भी किया जा रहा है सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और टी म को मौके पर भेजा गया।मौके पर देर रात तीन बजे पहुंचकर टीम ने तीन वाहनों को अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए धर दबोचा।अधिकारियों के मुता बिक पकड़े गए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर लो डर बिना किसी खनन अनुमति के मिट्टी ढो रहे थे। वाहन चालकों से वैध दस्तावेज मांगने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।जिसके बाद त त्काल तीनों वाहनों को जब्त कर लिया गया और उन्हें थाना मोतीगंज लाकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया।प्रशासन ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम विधिक कार्य वाही शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभिया न लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी ऐसे अवैध कार्यों पर क ठोर कदम उठाए जाएंगे।गौरतलब है कि जिले में कई क्षेत्रों में अवैध खनन की शिकायतें सामने आ ती रही हैं,जिन पर प्रशासन की निगरानी अब और सख्त कर दी गई है।

## नीट-2025 प्रवेश परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत के लिए नामित किये गये अधिकारी

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को आयोजित नीट(यूजी)-2025 परीक्षा जिले के जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधि.अभि. विद्युत बहराइच द्वारा परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित उपकेन्द्रों के लिए कार्मिकों के साथ-साथ पर्यवेक्षण एवं नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।अधि.अभि. विद्युत ने बताया कि उपकेन्द्र बशीरगंज के लिए अ.अभि. सी.बी. गुप्ता, अस्पताल चौराहा के लिए अ.अभि. रवि कुमार व सिविल लाइन के लिए अ.अभि. राज तिलक को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार उपकेन्द्र डीज़ल पावर हाउस के लिए अ.अभि. अजय बिहारी यादव को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# चार मई को लगेगा स्कूली वाहनों के लिए फिटनेस कैम्प, अनफिट वाहनों पर होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले संचालित अनफिट स्कूली वाहनों की जांच और फिटनेस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प रिवहन विभाग द्वारा चार मई रविवार क़ो एक वि शेष फिटनेस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रात सात बजे से सायं छह बजे तक सं भागीय परिवहन कार्यालय,गोंडा के मुख्य प्रांगण में चलेगा।यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश शासन के निर्दे शानुसार की जा रही है।जनपद में स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर परिवहन विभाग द्वारा लगा तार प्रयास किए जा रहे हैं।इसके अंतर्गत पहले भी विद्यालयों को नोटिस जारी की जा चुकी हैं और 25 अप्रैल को पंजीकृत डाक द्वारा दोबारा नोटिस भेजी गई है,हालांकि विभाग द्वारा जागरूकता, प्रव र्तन कार्यवाही और विशेष कैम्पों के माध्यम से प्रया स किए जाने के बावजूद कई वाहन अभी भी अन फिट स्थिति में हैं,जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभी र खतरा बन सकते हैं।इसी को दृष्टिगत रखते हुए 26 अप्रैल 2025 को आयोजित जिला सड़क सुर क्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने निर्देश दिए कि जिन स्कूलों के वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है,उन्हें दस मई 2025 से पूर्व अ निवार्य रूप से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त कराना होगा।परिवहन विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधकों से अपील की है कि वे अपने अनफिट वाहनों को चार मई के विशेष कैम्प में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, ताकि संभागीय निरीक्षक द्वारा उनका तकनीकी परीक्षण किया जा सके।

विभाग ने यह भी स्पष्ट कि या है कि निर्धारित तिथि तक वाहन प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जाएगा तथा स्कूल की मान्यता समाप्त करने हेतु जिलाधिकारी को संस्तुति भेजी जाएगी।

# डीएम ने मिल दुर्घटना में मृतक चार श्रमिको के परिजनों को दी क्षतिपूर्ति

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर चारों मृतकों के परिजनों को डीएम ने भेंट की 47 लाख 01 हज़ार 212 की धनराशि



बहराइच । वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट चैम्बर में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत राजगढिया राइस मिल के ड्रायर में हुई दुर्घटना में 04 मृतकों के हिताधिकारियों को रू. 47 लाख 01 हज़ार 212 की धनराशि का एकाउण्ट पेई चेंक भेंट किया। उल्लेखनीय है कि उक्त दुर्घटना में 05 श्रमिकों की मृत्यु हुई थी जिसमें से 01 श्रमिक गफ्फार पुत्र बहार अली के हिताधिकारियों द्वारा सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण उनका भुगतान आदेश अभी जारी नहीं हो सका है।

डीएम ने बताया कि हिताधिकारियों द्वारा सक्षम अभिलेख प्रस्तुत करने पर मृतक के हिताधिकारियों को रू. 15,04,425=00 धनराशि भुगतान आदेश शीघ्रजारी कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में मृतक कुशल श्रमिक रजनेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र आयु 30 वर्ष हेतु रू. 14,13,730=00, मृतक अकुशल श्रमिक बिट्टू शाह उर्फ अमरदीप कुमार पुत्र दिलीप शाह आयु 30 वर्ष हेतु रू. 11,48,288=00, बबलू प्रजापति उर्फ अंकित कुमार पुत्र बारे लाल आयु 28 वर्ष हेतु रू. 11,69,232=00 तथा जहरूल हुदा पुत्र मुतुज़ा हुसैन आयु 43 वर्ष हेतु रू. 9,69,962=00 की धनराशि का भुगतान आदेश सम्बन्धित हिताधिकारियों को सौंपा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार कृपाशंकर पांडेय के निधन पर शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । वरिष्ठ पत्रकार, यूएनआई के पूर्व ब्यूरो चीफ, गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के संस्थापक कोषाध्यक्ष और कई महत्वपूर्ण पत्रकार संगठनों में शीर्ष पंक्ति दायित्वों का निर्वहन करने वाले कृपाशंकर पांडेय जी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। उनके निधन पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में शोक सभा आहुत कर पत्रकारों ने गहरा दुख प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं गोरखपुर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने श्री कृपाशंकर पांडेय से जुड़े अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि कृपाशंकर पांडेय जी पत्रकारिता जगत में कर्मठता, शालीनता और सांगठनिक क्षमता के लिए ख्यातिलब्ध रहे। उनके निधन से पत्रकारिता का एक वटवृक्ष गिरने जैसी स्थिति महसूस हो रही है। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने कृपाशंकर पांडेय के व्यक्तित्व की विशालता की चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय कुमार सिंह,कार्यकारिणी सदस्य राजीव पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार राय, पूर्व उपाध्यक्ष अजीत यादव, पूर्व महामंत्री ओंकार धर द्विवेदी, मनोज यादव, अजीत सिंह, सलीम खान, बागीश चंद्र श्रीवास्तव, राधेश्याम प्रजापति, अरुण कुमार सिंह,आशीष भट्ट, दुर्गेश यादव, केके श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, जयप्रकाश प्रजापति, प्रखर अग्रवाल, सुनील पांडेय, सोनू कुमार, विवेक अस्थाना, अशोक सिंह, आलोक श्रीवास्तव, हरीश पांडेय, संतोष सिंह, प्रदीप गौड़, राहिल समी, बैजू गुप्ता, राहुल गौड़, गौरव उपाध्याय, दुर्गेश ओझा, धनेश कुमार, योगेश श्रीवास्तव, हरिकेश सिंह,समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आईजी के आदेश पर चौकी प्रभारी निलंबित



गोंडा। जिले में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह और मुख्य आरक्षी संजय कुमार सिंह को आईजी देवी पाटन रेंज अमि त पाठक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विनीत जा यसवाल ने निलंबित कर दिया है।मामला चार दिसं बर 2024 का है,जब मोहल्ला गाड़ी बाजार निवा सी शिवकुमार ने रईस सफीना और निदा के खिला फ मारपीट की एनसीआर दर्ज कराई थी।रईस अह मद ने भी शिवकुमार के खिलाफ पुलिस में शिका यत की थी।जांच चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह को सौंपी गई थ।जांच के दौरान चौकी प्रभारी ने शिकायतकर्ता रईस अहमद को फोन करके गुप्त रूप से थाने बुलाया और कुछ व्यवस्था करने की बात कही।शिकायतकर्ता ने इस बातचीत की ऑडि यो रिकॉर्डिंग कर ली चौकी प्रभारी ने जांच के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी।पीड़ित ने आईजी देवी पाटन रेंज अमित पाठक से मिलकर ऑडियो रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत की।ऑडियो की जांच में आरोप सही पाए जाने पर डीआईजी ने एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।एसपी विनीत जायसवाल ने दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित क रने के साथ अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधे श्याम राय और क्षेत्राधिकारी करनैलगंज सौरभ व र्मा को विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन से जन्मजन्मांतर का कट जाता है पाप : आचार्य विद्याधर भारद्वाज

गोरखपुर । द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन से जन्म जन्मांतर के पापो का मोचन हो जाता है, अत्रिमूनी और अनुसूईया माता के तप की कथा का वर्णन करते हुए कांचीपीठ से पधारे, आचार्य विद्याधर भारद्वाज ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा पवित्र भाव से स्मरण मात्र से प्राप्त हो जाती है और ब्यक्ति का जीवन सार्थक हो जाता है। देशभर में सहस्त्रों वर्षो से स्थापित ज्योतिर्लिंग मानव जीवन के सभी प्रकार की व्याधियों को दूर कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। शिवपुराण कथा के आखिरी दिन आचार्य श्री ने भक्तजनों के समक्ष जीवन की सार्थकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा समापन के अंतिम दिवस पर मुख्य यजमान के रूप में, दिग्विजयनाथ एल टी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार पाण्डेय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा पाण्डेय और अधिवक्ता श्री भानुप्रकाश मणि त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा त्रिपाठी और जयकृष्ण मणि त्रिपाठी, मोहनमणि त्रिपाठी, अशोक कुमार चतुर्वेदी, अश्वनी राय, उपस्थित रहे.। अंतिम दिन प्रसाद की व्यवस्था सुरेश सिंह के द्वारा किया गया। अंतिम दिन के कथा में खोराबार, जंगल सिकरी, दिव्यानगर, सैनिकनगर, एकतानागर, मद रहवा के हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे साथ ही 6 अप्रैल दिन रविवार को विशाल भंडारा सायंकाल 6 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा ।

## निरस्त किया गया निवास प्रमाण-पत्र

बहराइच । उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 402 दिनांक 29 अप्रैल 2025 के क्रम में नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 01 मई 2025 के आधार पर मीना देवी पत्नी त्रिलोकी, नि. ग्राम माफिकपुर, बहराइच के पक्ष में निर्गत निवास आवेदन संख्या 241800020111910 व प्रमाण पत्र संख्या 502242010160 को निरस्त किया जाता है। उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि उपरोक्त निवास प्रमाण पत्र का उपयोग किसी भी राजकीय योजना के लाभ, व्यवसाय, नौकरी आदि के लिये नही किया जायेगा, यदि आवेदकों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है तो वह नियमों के विपरीत होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट में हुआ आंशिक बदलाव

बहराइच। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाली नीट-2025 प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-बी हेतु पूर्व में नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा संजय कुमार के स्थान पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया जाता है।

# जातीय जनगणना पर राहुल के प्रयासों को लेकर कांग्रेस खुश

## गोंडा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला धन्यवाद जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। राहुल गांधी द्वारा जातीय जनगणना कराने हेतु केंद्र सरकार को बाध्य करने के लिए कंाग्रेस जिला ध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह एवं शहर अध्य क्ष शाहिद अली कुरेशी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ध न्यवाद जुलूस निकाला तथा राहगीरों को मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की गई।कांग्रेस भवन गोंडा से जुलूस निकालकर महाराजगंज चौराहा भारत मि लाप चौराहा,एकता चौराहा होते हुए वीर अब्दुल हमीद चौक पर संपन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष रामप्रताप सिंह पूर्व पूर्व विधायक ने कहा यह कदम सामाजि क न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है,जिसकी कंाग्रेस पार्टी लंबे समय से मांग करती रही है।

उन्होंने जातीय जनगणना को गरीबों की मुक्ति के लिए एक शक्तिशाली कदम ब ताया जो देश के विकास के लिए आवश्यक है।जा तिगत जनगणना को सामाजिक न्याय सुनिश्चित क रने के लिए आवश्यक है।वही कार्यक्रम में मुख्य रू प से पूर्व शहर अध्यक्ष अब्दुल रहमान,जलील अह मद खान,शिव कुमार दुबे,सगीर अहमद खान,जैनु ल आबेदीन,इबादत अनवर खान,बृजेश द्विवेदी अ नीस नाना, माधव वसीम सिद्दीकी,प्रद्युम्न शुक्ला स लीम कुरैशी,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहें।

# 31 अगस्त तक प्रजननशील मछलियों को मारना, पकड़ना और बेचना दण्डनीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कोई भी व्यक्ति 01 जून से 31 अगस्त 2025 तक न तो प्रजननशील मछलियों को पकड़ेगा, न ही मारेगा और न ही बेचेगा, जब तक कि उसके पास मत्स्य विभाग द्वारा निर्गत वैध लाइसेंस न हो। इसके साथ 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका (2 से 10 इंच) आकार की मछली न तो पकड़ी जायेगी और नही बेची जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में भारतीय मेजर कार्प मछलियां कतला, रोहू, नैन एवं कारौच तथा विदेशी कार्प ग्रासकार्प, सिल्वर कार्प व कामन कार्प के प्रजनन काल को देखते हुए इन मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु उ.प्र. मत्स्य अधिनियम 1948 के प्राविधानों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना अपरिहार्य हो गया है।जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश उन सभी जलाशयों, नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होगा जो जनपद बहराइच की सीमा में है, और जिला मजिस्ट्रेट बहराइच द्वारा यथाविध व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किए गये है।

मछलियों के सम्वर्धन एवं संरक्षण हेतु कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा और न ही निर्देशित क्षेत्र के प्राकृतिक बहाव को रोकने हेतु कोई अवरोध नही लगायेगा, और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा अंगुलिका और मछली पकडेगा अथवा नष्ट करेंगा और न ही पकड़ने अथवा नष्ट करने का प्रयास करेगा। आदेशों के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामग्रियों, पकड़े गये मत्स्य जीरा एवं मछली ज़ब्त कर ली जायेगी तथा यह कृत्य उ.प्र. मत्स्य अधिनियम 1948 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखकर एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक : सतीश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## ब्लाक सिंहपुर के सभागार में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर प्रबुद्ध सम्मेलन किया गया आयोजित

अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में एक राष्ट्र एक चुनाव बिल के समर्थन में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे।प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से समय और धन की बचत होगी।देश का विकास होगा और इसके पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ साथ हुये हैं।जनहित के लिये अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई बात नहीं है।स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ साथ होते थे।लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किये गये थे।यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही।हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी।पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि आतंकियों एवं उनके आकाओं पर कड़ा व निर्णायक प्रहार होंगा।मोदी सरकार पाकिस्तान और उनके सरपरस्त आतंकवादियों का नेस्तनाबूद करेंगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी के लिये सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं।आतंकियों ने धर्म पूंछ कर गोली मारी है इसलिये अब हिंदुस्तान में जाति नहीं धर्म के आधार पर हमको एक रहना चाहिये और सभी सनातनी को इससे सबक लेना चाहिये।इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, राम प्रसाद मिश्रा,भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी,गौरव श्रीवास्तव ,सत्य नारायण सिंह,चंद्रपाल यादव,पंकज अवस्थी,नवीन श्रीवास्तव, कौशलेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, शिरीष गुप्ता,कुलदीप मिश्रा, चंद्र मौलि सिंह,राहुल पाठक, मोहम्मद इलियास, सुरेन्द्र सिंह, अनिल पाण्डेय,हरनाम सिंह, फकीर मोहम्मद उर्फ मिस्टर,आशा बाजपेई, गीता सिंह सहित अन्य तमाम कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले के फरार आरोपी के मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने मारा छापा मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कुछ दिन पूर्व प्लांट को लेकर मेडिकल स्वामी ने अपने साथियों के साथ जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें मेडिकल स्वामी संजीव गुप्ता सहित कई लोगों के नाम मुकदमे में शामिल हैं। पुलिस में दो लोगों को जेल भेज दिया मेडिकल स्वामी संजीव गुप्ता सहित कई आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही है। मेडिकल स्टोर की भी कई शिकायतें मिल रही थी। औषधि निरीक्षक को इस मेडिकल स्टोर सहित अन्य की शिकायतों के क्रम मे इस सप्ताह लगातार तीन दिनों से कार्यवाही की जा रही है। थाना माधोतांडा स्थि मेडीकल पर औचक निरीक्षण किया गया मौके पर दवाओं के भण्डारण,क्रय,विक्रय से संवंधित अभीलेखों की जांच की गयी व कमियों को आख्या पर अंकित कर सुधार हेतु चेतावानी देकर आख्या सहायक आयुक्त औषधी बरेली को भेजी गयी व कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र अंतर्गत कई दवा प्रतिष्ठानो पर औचक छापामार कार्यवाही की गई जिसमे पप्पू मेडीकल पर दवा आदि के भण्डारण , क्रय , विक्रय से संवंधित अभीलेखों की जांच की गयी व कमियों को आख्या पर अंकित कर सुधार हेतु चेतावानी देकर आख्या सहायक आयुक्त औषधी बरेली को भेजी गयी।एक अन्य यूपी मेडीकल पर औचक कार्यवाही पर नियमानुसार प्रपत्र पर निरीक्षण आख्या बना कर सहायक आयुक्त औषधी बरेली को भेजी गयी। दिनेश मेडीकल पर औचक कार्यवाही की गयी व मौके पर दवा आदि के भण्डारण,क्रय,विक्रय से संवंधित अभीलेखों की जांच की गयी व कमियों को आख्या पर अंकित कर सुधार हेतु चेतावानी देकर आख्या सहायक आयुक्त औषधी बरेली को भेजी गयी। दो अन्य दवा प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया ज़िनमे प्रोपराईटर अनुपस्थित पये गये,निरीक्षण आख्या मे मौके पर प्राप्त कमियों को अंकित कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त औषधी बरेली को अवगत कराने हेतु प्रपत्रों को प्रेषित किया गया हैं। हरिओम मेडिकल स्टोर पर भी छापामार कार्रवाई की गई जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## वित्तीय मामलों में भ्रष्टाचार करने वाले प्रधान के ऊपर मेहरबान अफसर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत चाट फिरोजपुर कई बार विवादों के घेरे में रह चुकी है। लगातार कई फर्जी पेमेंट लगाकर सरकारी धन का बंदरबाट ग्राम प्रधान मुंशीलाल कर चुके हैं। घोटाले की जांच हुई तो अफसरो ने तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी को पंचम और 15 वें वित्त की धनराशि को गलत तरीके से लगाने में पंचायत सचिव को तो नियम विरोधी तरीके से कार्रवाई कर दी। लेकिन इस प्रकरण में मुख्य भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रधान मुंशीलाल पर कोई कार्यवाही नहीं की है।जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रथम दृष्टि आरोपी सचिव को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच करने के भी आदेश दिए।लेकिन वह आदेश आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं। वित्तीय मामलों में आरोप सिद्ध होने के बाद भी ग्राम प्रधान मुंशीलाल बेखौफ लगातार घोटाले को अंजाम दे रहा है। और खुद को ईमानदार बताकर घोटाले पर घोटाला करते चले आ रहा है। उसके इस घोटाले में गांव के ही एक व्यक्ति की भी अहम भूमिका है।जिसके खाते में ग्राम प्रधान ने रुपए लगवाए हैं। वर्तमान समय में भी घटिया सामग्री से निर्माण कार्यों को लगातार अंजाम दे रहा प्रधान है।जल्द ही जनपद के एक वरिष्ठ भाजपा नेता इस प्रकरण को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के समक्ष रखकर ग्राम पंचायत चाट फिरोजपुर में अब तक हुए सभी घोटाले की जांच करा कर दोषी ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शिक्षकों ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जम्मू कश्मीर में स्थित पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 28 पर पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शिक्षक और शिक्षिकाएं ने कैंडल मार्च निकालकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की है। पहले से ही तय कार्यक्रम के अनुसार नगर में स्थित कस्बा पुलिस चौकी के सामने दर्जनों शिक्षक और शिक्षिकाएं ने एक स्वर में आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष निरंजना शर्मा,हुकुम सिंह,अनामिका प्रजापति,,अशोक कुमार,रवि भदौरिया,विजय कुमार, महेंद्र पाल,रहीस अहमद अश्वनी कुमार,किशन लाल ,प्रदीप सागर,अर्जुन कुमार,कपिल गुप्ता,वीरेंद्र कुमार सहित दर्जनों शिक्षक और शिक्षकाए उपस्थिति रही हैं।

## डीएम ने सीएचसी अमेठी में साफ सफाई का निर्देश दिया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, जरनल वार्ड, टीकाकरण कक्ष सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा एवं उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से उनका हाल चाल जाना तथा उन्हें दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद उपकरणों व दवाओं के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर, आवास का गहनता से निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के अधीक्षक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## डीएम ने डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैडमिंटन हाल, स्विमिंग पूल, जिम व छात्रावास का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली तथा उपस्थित क्रीड़ाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।डीएम ने स्विमिंग पुल के पानी की नियमित साफ सफाई करने को कहा और छात्रावास के निरीक्षण के दौरान उन्होंने खिलाड़ी छात्रों से वार्ता कर उनके रहने खाने व कोचिंग के बारे में जानकारी ली तथा वे क्या क्या खेल खेलते हैं उसके बारे में भी उनसे पूंछा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने छात्रों से कहा कि नियमित अभ्यास करते रहें।निरीक्षण के दौरान स्टेडियम में सभी चीजें सुव्यवस्थित ढंग से पाई गई जिसके लिये जिलाधिकारी ने प्रशंसा किया। स्टेडियम के मैदान की भी नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिया। इस मौके पर उप क्रीड़ाधिकारी समीम अहमद एवं मुशर्रफ़ खान उपस्थित रहे।

## हजारा थाना क्षेत्र के गांव में मासूम बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने वाला गैर समुदाय का आरोपी गिरफ्तार

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव में दुकान पर सामान खरीदने गई दो पांच बर्षीय मासूम बच्ची के साथ गैर समुदाय के दुकानदार ने अश्लील हरकतें की। घर पहुचकर मासूम बच्चियों ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जानकारी लगने पर परिजनों के होश उड़ गए। दरअसल पीड़ित बच्चियों के परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 30 अप्रैल 2025 को गांव की रहने वाली 5 वर्षीय मासूम बच्ची पड़ोस की रहने वाली एक अन्य 5 वर्षीय बच्ची के साथ किराने की दुकान पर ब्लेड लेने गई थीं। गैर समुदाय के दुकानदार ने दोनों बच्चियों के साथ अश्लील हरकत कर गलत तरीक़ेसे बच्चियों को छुआ और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## घर में घुसकर सोने के आभूषण सहित लाखों की चोरी, नामजद पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हबीबगंज गोटिया की रहने वाली लक्ष्मी पत्नी गुलजारीलाल ने बताया कि 30 अप्रैल को वह घर में सो रही थी। आरोप है की रात्रि लगभग 11:30 पर विनोद पासवान और आलोक आलोक पासवान उसके घर में घुस आए और अलमारी में रखा सोने का हार, सोने का एक टीका,सोने की नकवेसर, एक जोड़ी सोने के झाले, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, एक जोड़ी चांदी की पायल कीमती लगभग दो लाख रुपए व एक लाख नगद रखे रुपए निकाल लिए, आहट होने पर पीड़िता जाग गई। तो उक्त लोगों ने उसका मुह दवा दिया और मौके से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़िता अपनी भतीजी के साथ उक्त लोगों के घर पहुंची तो उक्त लोगों ने गालीगलौज कर मारपीट की और पीड़िता की भतीजी सुमन के कान के सोने के झाले खींच लिए और जान से मार डालने की धमकी दी।

# जातीय जनगणना की मंजूरी मिलने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देश में जातीय जनगणना की मांग को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने खुशी का इजहार किया। अखिल भारतीय व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर में धन्यवाद जुलूस निकाला गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जश्न मनाते हुए सड़क पर उतर गए। सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी धन्यवाद जुलूस लेकर राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी बढ़े चलो की नारेबाजी करते हुए लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहा, नगर पालिका होते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पहुंचे उसके बाद विकास भवन, जिला पंचायत कार्यालय के सामने से होते हुए तिकोनिया पार्क व पंत स्टेडियम होते हुए वापस कॉंग्रेस कार्यालय तक जुलूस निकालकर पद यात्रा की जहां धन्यवाद जुलूस यात्रा कार्यक्रम का समापन किया गया।

### 'शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि'

पूर्व केंद्रीय मंत्री कॉंग्रेस की वरिष्ठ नेता गिरिजा व्यास को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जिला कार्यालय में शोक सभा आयोजित का श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी, और उनका असमय चले जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

कार्यक्रम के समापन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए यह कहावत उस वक्त चरितार्थ हो गई, जब केंद्र की मोदी सरकार ने देश में जातीय जनगणना को मंजूरी दी, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमेशा सच व न्याय की बात करते हैं, जातीय जनगणना के लिए उन्होंने संसद में, रैलियों में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीटिंग में और पार्टी के एजेंडे में जनगणना करने की बात कही थी और आज मोदी सरकार ने उनके संघर्षों के आगे घुटने टेक दिए है। उन्होंने कहा ऐसे कई उदाहरण हैं जिस पर मोदी सरकार ने घुटने टेके है मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित के विरोध में लाये गए तीन काले कानून का राहुल गांधी ने विरोध किया था उसे भी मोदी सरकार ने वापस लिया,

### राहुल गांधी के संघर्षों के आगे मोदी सरकार ने टेके घुटने- अभिषेक सिंह राणा

नोटबंदी से आतंकवाद को मिटाने, काला धन लाने व भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात भाजपा सरकार ने कही थी लेकिन विफल रही, वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमेशा सच की आवाज को बुलंद करते है उन्होंने कोविड काल के पूर्व से ही देश को आगाह किया था कि कोरोना भयानक रूप ले सकता है आखिर वही हुआ। आज देश में जातीय जनगणना को मोदी सरकार ने मंजूरी दी है यह जीत राहुल गांधी के साथ साथ पूरे देश के नागरिकों की जीत है। पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि राहुल गांधी ने सदन में कहा था जातीय जनगणना का बिल मैं सदन में पास कराकर ही रहूंगा आखिरकार राहुल के दबाव के कारण केंद्र सरकार को झुकना ही पड़ा और सरकार ने जातीय जनगणना की मंजूरी दे दी है। जुलूस में वरिष्ठ नेता अपरबल सिंह, राहुल त्रिपाठी, ममनून आलम, हामिद राईनी, सुब्रत सिंह सनी आदि लोग शामिल रहे।

## घाटमपुर सड़क हादसें में घायल मासूमों को आक्सीजन न मिलने मौत, सीएमओ ने पहुचकर देखी व्यवस्था

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। अस्पताल में मासूम बच्चों को ऑक्सीजन न मिलने और चिकित्सक के अभाव में दो मासूम बच्चों की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दरअसल गुरुवार की रात लगभग 9 बजे चीप और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में एक की मौके पर मौत हो गई थी और आठ लोग घायल थे। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में लाया गया। जहां स्टाफ और चिकित्सक की कमी की बजह से मासूम बच्चों आक्सीजन तक नहीं लगाई गई। समय से एबुलेंस सुबिधा भी रेफर के दौरान नहीं मिल जब इस संबंध में सीएमओ व जिलाधिकारी से शिकायत की तो जाकर एबुलेंस उपलब्ध हो पाई पर जबतक काफी देर हो गई थी। जिला अस्पताल में पहुंचने पर एक बच्ची और एक बच्चे की भी मौत हो गई। लापरवाही की जानकारी होने पर पीलीभीत सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार शुक्रवार 3:30 पर अस्पताल पहुंचे और इमरजेंसी में पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी ऑक्सीजन की व्यवस्था हर बेड पर न होने के चलते फटकार लगाई और तत्काल हर बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था कराई।

## सीएमओ की लापरवाही से स्वास्थ्य कर्मी बने लापरवाह जिलाधिकारी ले रहे मामले का संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात एक शर्मनाक घटना सामने आई हैं। जिसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शुक्रवार सुबह मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे और इस गंभीर चूक की खबर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शर्मा तक पहुंचाई गई।मीडिया कर्मियों ने सीएमओ के सामने सवालों की झड़ी लगा दी रात में इमरजेंसी में कितने मरीज भर्ती थे। क्यों नहीं सभी बेडों पर ऑक्सीजन की व्यवस्था थी। जब मासूमों की हालत बिगड़ी,तब कोई डॉक्टर या वार्ड बॉय कहां था।क्या मासूमों की जान इतनी सस्ती है। कि जिम्मेदार सिर्फ बचाव में बयान देते रहें ? आदि आदि सीएचसी स्टाफ की नींद और लापरवाही के चलते मासूम बच्चे तड़पते रहे। न समय पर ऑक्सीजन मिली, न सही इलाज। मीडिया कर्मी की पड़ताल में सामने आया कि रात के समय इमरजेंसी वार्ड में कई बेड ऑक्सीजन से खाली थे। वार्ड बॉय अपने कर्तव्यों से बेपरवाह नजर आया सीएमओ का गुस्सा फूटा, दिए सख्त निर्देश मीडिया की जानकारी के बाद सीएमओ आलोक कुमार शर्मा तत्काल पूरनपुर सीएचसी पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने मौके की गंभीरता को समझते हुए इमरजेंसी वार्ड के सभी बेडों पर तत्काल ऑक्सीजन सिलेंडर लगवाने के निर्देश दिए साथ ही, रात की ड्यूटी में तैनात लापरवाह वार्ड बॉय का वेतन काटने का आदेश जारी किया उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्टाफ को भी कड़ी फटकार लगाई और कहा कि ऐसी लापरवाही दोबारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी सवाल अभी भी जिंदा है।क्या सिर्फ वेतन काटने से जिम्मेदारी तय हो जाएगी जिन मासूमों की जान गई, उनकी भरपाई कौन करेगा क्या भविष्य में भी ऐसे ही हादसे होते रहेंगे।यह कोई पहली बार नहीं है जब सरकारी अस्पताल की लापरवाही से मासूमों की जान गई हो। सवाल यह है कि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होगी या जिम्मेदारों को असल में जवाबदेह बनाया जाएगा?

# अहोरवा भवानी में शिक्षक नेताओं ने खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री का किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष की अगुवाई में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर राज्यमंत्री ने शिक्षकों की मांग को सरकार तक पहुंचाने की बात कही है।विकास क्षेत्र सिंहपुर मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने से पूर्व प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में पूजन किया। इसके बाद कस्बा अहोरवा भवानी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी की अगुवाई में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के साथ ही अन्य तमाम शिक्षक नेताओं ने राज्यमंत्री का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद अमेठी के प्रभारी मंत्री व खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को अपनी समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।इस मौके पर दिलीप शुक्ला, संतोष शुक्ला,विकल्प श्रीवास्तव,आशीष गुप्ता, नवनीत त्रिवेदी ,राजेश, लाल सिंह,प्रदीप कुमार विजय ,अभिषेक सिंह,अजीत सिंह, उबैद अहमद,शुभम सिंह,शैलेंद्र वर्मा,विनय, मुकेश,धर्मेंद्र सिंह, हरिओम तिवारी, आलोक शुक्ला,चंद्र शेखर द्विवेदी,राशिद खान सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को वितरित हुआ नि:शुल्क भोजन एनएसएस संघ की सराहनीय पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गुरुवार को मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय व रेलवे स्टेशन में मरीजों, तीमारदारों, यात्रियों और जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। यह सेवा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा संचालित ल्लनिःशुल्क रसोईल्ल योजना के अंतर्गत की गई, जिसका संयोजन संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान द्वारा किया गया।

सप्ताह के गुरुवार को संचालित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक मदद पहुंचाना है, जिन्हें समय पर भोजन नहीं मिल पाता। इस गुरुवार की शाम, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवम सिंह तथा रेलवे स्टेशन परिसर में सीनियर टिकट निरीक्षक शिवचरण ने भोजन की पहली थाली वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने जानकारी दी कि इस बार भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी और चावल शामिल था। कुल 410 थालियाँ तैयार की गई थीं, जिनमें से 240 मेडिकल कॉलेज परिसर में तथा 170 रेलवे स्टेशन परिसर में वितरित की गईं। भोजन वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद यादव, संतोष चौरसिया, आशुतोष पांडेय, हाजी मुजतबा अंसारी, डॉ. शादाब खान, सरदार गुरुप्रीत सिंह, आसिफ, आदिल हसनपुरी, इस्लाम पप्पू, बैजनाथ प्रजापति, भोलू, माता प्रसाद जायसवाल और आफ़ाक सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पहलगाम की घटना को लेकर विरोध कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

पूरनपुर।नगर के एक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हिन्दू सैलानियों के नरसंहार की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आश्चर्य की बात है कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने धर्म पूछकर हिन्दू सैलानियों की हत्या कर दी। जिससे देश का हर नागरिक इस हमले को देश के हृदय पर हुए आघात के रूप में देख रहा है। इसको लेकर गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने विधालय से रैली निकालकर तहसील परिसर में पहुचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन विधालय के स्टाफ ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में आतंकवाद व आतंकवाद को जन्म देने वाले पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटाने की मांग की है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विधालय के छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय के अध्यापक व स्टॉप मौजूद रहा।

# अलगाववादी तत्व भारत में शांति समृद्धि के शत्रु

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भारत स्तब्ध है। आतंकी हमले की खुले रूप में निंदा करते हुए अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने आतंकवादी कार्रवाई के विरुद्ध भारत का साथ देने की बातें कही हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई प्रतिबंधों की भी कार्रवाई की है। दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने की कार्रवाइयां हो भी रही है। बर्बर हत्यारे आतंकियों की खोज जारी है। भारत पर पाकिस्तान प्रायोजित हमले कई दशकों से जारी हैं। पूर्व में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा था। संविधान में यह उपबंध 370 अलग से था। केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार ने लोकसभा में विधेयक लाकर 70 वर्षों की भारी समस्या को कुछ मिनट में ही पिछले वर्ष समाप्त कर दिया था। इसके बाद से जम्मू कश्मीर में शांति की आशा लगातार बलवती हो रही थी। यह बात अलग है कि छिटपुट आतंकी घटनाएं होती रही हैं तो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र सरकार के गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में शांति के उपायों पर लगातार प्रयास करते हुए चिंतन मंथन किया। जम्मू कश्मीर में कई दशकों से रुकी विकास की पुरानी परियोजनाओं और नई बड़ी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कार्रवाई जारी है मगर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को यह विकास और शांति की कार्यवाही नागवार गुजरी। पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर की खुशी कभी पसंद नहीं आई। पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पंथ आधारित है। वह लगातार भारत में आतंकवादियों को भेज कर हमले करवाता रहा है। यह हमले सामान्य जनों से लेकर सरकारी दफ्तरों, मंदिरों, ट्रेनों-बसों में भी होते आए हैं। अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं पर भी आतंकवादी हमले होते रहे हैं। जिनमें अनेक श्रद्धालुओं की जाने गयी हैं। इन पवित्र यात्राओं के लिए अपने ही देश में सेना की तैनाती करनी पड़ती है। सेना से आतंकियों की भी मुठभेड़ होती है। कई बार हमारे सैनिक बलिदान होते हैं। मुठभेड़ में जो आतंकवादी मार दिए जाते हैं उनके लिए भी पंथिक आधार पर भारत में सहानुभूति देखी जाती है। अनेक अलगाववादी मोर्चे हैं, संगठन हैं, जो अलगवादियों को ताकत देते हैं। वही अलगाववादी तत्व भारत में शांति और समृद्धि के शत्रु हैं। इन आतंकवादी ताकतों को चिन्हित कर जब तक उन्हें कुचला नहीं जाएगा तब तक देश विरोधी ताकतें सक्रिय रहेंगी। पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान बड़ा खतरा है, इससे निपटने में कोई कोताही नहीं छोड़नी चाहिए। अमेरिका, इजरायल, रूस सहित दुनिया के देशों ने इस बर्बर कार्रवाई की निंदा की है। आतंकवादी किसी एक व्यक्ति या अधिक की हत्या करते हैं तो यह मात्र घटना नहीं है। यह एक क्रूर विचार है कि गोली-बारूद के दम पर भारत को डरा कर अपना दारुल हरब एजेंडा लागू करना है। इस विचार वाले लोग अनपढ़ (उम्मी) नहीं होते हैं। वह कई बार इंजीनियर होते हैं, डिग्रीधारक होते हैं। डॉक्टर और प्रोफ़ेसर भी होते हैं। विज्ञान के जानकार होते हैं। मगर उन्हें अपने कट्टरपंथी धर्म का पालन निर्दोष लोगों की हत्या कर जिहाद करना है। इस्लामी आतंकी हमले आज भी जारी हैं। अलगाववादी विचारों वाले समूहों पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी, निर्दोषों पर हमले होते रहेंगे। यह भी सही है कि केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक व्यक्ति और संपत्ति की सुरक्षा संरक्षा रहे जैसे सरकार से प्रश्न तो कर ही सकते हैं। मगर यह प्रश्नों का समय नहीं है। आतंकियों द्वारा की गई निर्दोषों की हत्या के विरोध में एकजुटता दिखनी चाहिए। अपनी राजनीतिक, पंथिक कार्रवाई के लिए इन्हें अनुमति नहीं होनी चाहिए। पृथक कानून नहीं चलेंगे। राष्ट्र संविधान से चलेगा, संविधान सर्वोपरि है। भारत की संप्रभुता के विरुद्ध बोलने-लिखने, किसी अन्य राष्ट्र का कोई झंडा लहराने, किसी भी प्रकार की भारत विरोधी नारेबाजी करने के स्पष्ट कारण पूछने और कड़ी कार्रवाई से सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए।

# अंततः देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान?

**भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए। बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं।**

भारत को जातियों में बाँटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है – क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बाँटने की कवायद?

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया – 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की गिनती होती रही, बाकी जातियाँ 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों? क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो?

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं।

जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियाँ किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ग्उए) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50% तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27% आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।


विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है – जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें।

वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था – ''यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए।'' जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं।

आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं।

अब सबसे बड़ा सवाल – मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज़्यादा निकलने पर उन्हें ज़्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के साथ हुआ? 2011 में हुई एसईसीसी के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गईं, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया।




जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं – तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी – बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज़्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आख़िर यह देश सभी जातियों का है – तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

प्रियंका सौरभ

# जरूरी है मीडिया का भारतीयकरण

**प्रो. संजय द्विवेदी**

यह 'शब्द हिंसा' का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं। यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है।

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा 'सच' बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।

हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज 'सूचना' और 'ज्ञान' को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि 'सूचना' तो समाचार, खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है। संपादकीय प्रक्रिया से गुजर कर ही कोई सूचना, समाचार बनती है। इसलिए संपादक और संवाददाता जैसी संस्थाएं साधारण नहीं है। यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा? मेरे पास कैमरा है, मैं फोटोग्राफर कैसे हो जाऊंगा। विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संवाद की दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाड़ियों पर 'प्रेस' का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, जिसके समक्ष मुझे भी अपनी बात रखने का अवसर मिला था। बाद में उस कवायद का क्या हुआ, पता नहीं।

समाज की रुचि का परिष्कार और रूचि निर्माण भी मीडिया की जिम्मेदारी है। अपने पाठकों, दर्शकों को समय के ज्वलंत मुद्दों पर अपडेट रखना, उनकी बौद्धिक, नागरिक चेतना को जागृत रखना भी मीडिया का काम है। जबकि देखा यह जा रहा है कि पाठकों की पसंद के नाम पर कंटेंट में गिरावट लाने की स्पर्धा है। ऐसे कठिन समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर बातचीत बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है। मीडिया सिर्फ दर्शक बना रहे यह भी ठीक नहीं। उसे राष्ट्रीय भावना और जनपक्ष के साथ खड़े रहना चाहिए।

देखा जाए तो समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे। मीडिया खुद अशांत है और गहरी स्पर्धा के कारण सही-गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों की जिम्मेदारी है कि खुद भी शांत हों और संवाद की शुचिता पर काम करें।

## सेहत मंत्र

# कसरत के तुरंत बाद अगर पीते हैं पेय पदार्थ तो हो जाएं सावधान

आज के समय में लोग अपनी सेहत को लेकर बेहद सजग होते जा रहे हैं और शायद यही कारण है कि हर उम्र के लोग आपको जिम में कसरत करते हुए दिख जाएंगे। यह सच है कि अपने शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए आपको कुछ देर व्यायाम अवश्य करना चाहिए। लेकिन व्यायाम करने के साथ-साथ आपका खान-पान भी आपके शरीर पर व्यापक प्रभाव डालता है। खासतौर से, जिम में एक्सरसाइज के बाद आपके शरीर के पानी का स्तर काफी कम हो जाता है और लोग अपनी प्यास को बुझाने के लिए कुछ ऐसे पेय पदार्थों को पी लेते हैं, जिससे उनकी सारी मेहनत बेकार हो जाती है। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ पेय पदार्थों के बारे में, जिन्हें आपको वर्कआउट के बाद पीने से परहेज करना चाहिए- स्पोर्ट्स ड्रिंक-आजकल वर्कआउट के बाद स्पोर्ट्स ड्रिंक पीने का चलन काफी बढ़ गया है। ऐसा माना जाता है कि यह आपके शरीर को दोबारा रिचार्ज करने का काम करते हैं, जबकि वास्तव में यह गलत है। स्पोर्ट्स ड्रिंक में काफी मात्रा में केवल चीनी और कैलोरी पाई जाती है, जबकि इसमें पोषण न के बराबर होता है। इसलिए इन्हें काफी अनहेल्दी माना जाता है। हो सकता है कि आपको कुछ ब्रांड्स के स्पोर्ट्स ड्रिंक में कुछ विटामिन और इलेक्ट्रोलाइट प्राप्त हो लेकिन शुगर की उच्च मात्रा और आर्टिफिशियल फ्लेवर का इस्तेमाल किए जाने के कारण इन्हें वर्कआउट के बाद पीने से परहेज करना चाहिए। पैकेज फ्रूट जूस- आमतौर पर माना जाता है कि फलों का रस सेहत के लिए लाभकारी होता है और इसलिए अधिकतर लोग व्यायाम के बाद पैकेज फ्रूट जूस को पीना पसंद करते हैं। लेकिन शायद आपको जानकर हैरानी हो कि अधिकतर पैकेज फ्रूट जूस में हाई-फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप मिलाया जाता है, जो आपके लिए मोटापे व मेटाबॉलिक सिंड्रोम डिसीज का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त इन जूसेस से आपको विटामिन और पौष्टिक फाइबर भी प्राप्त नहीं होते। इसलिए बेहतर होगा कि आप पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए पैकेज फ्रूट जूस के स्थान पर ताजा फलों के रस को महत्ता दें।

## धर्म मंत्र

# संन्यास से मिलता है सौंदर्य

संन्यासी अपूर्व सुंदर हो जाता है। संन्यास जैसा सौंदर्य देता है, मनुष्य को और कोई चीज नहीं देती। संन्यस्त होकर तुम सुंदर न हो जाओ तो समझना कि कोई भूल-चूक हो रही है। संन्यासी का कोई श्रृंगार नहीं है। संन्यास इतना बड़ा श्रृंगार है कि फिर किसी और श्रृंगार की कोई जरूरत नहीं है।तुमने देखा कि सांसारिक व्यक्ति भोगी है। जवानी में शायद सुंदर होता हो, लेकिन जैसे-जैसे बुढ़ापा आने लगता है, असुंदर होने लगता है। लेकिन उससे उलट घटना घटती है संन्यासी के जीवन में; जैसे-जैसे संन्यासी वृद्ध होने लगता है, वैसे-वैसे और सुंदर होने लगता है। क्योंकि संन्यास की कोई वृद्धावस्था होती ही नहीं, संन्यास कभी बूढ़ा होता नहीं। संन्यास तो चिर-युवा है। इसलिए तो हमने बुद्ध और महावीर की जो मूर्तियां बनाई हैं, वह उनकी युवावस्था की बनाई हैं। इस बात की खबर देने के लिए कि संन्यासी चिर-युवा है। हमने अपूर्व सौंदर्य से भरी मूर्तियां बनाई हैं महावीर और बुद्ध की। उनके पास कुछ भी नहीं है, न कोई साज है, न श्रृंगार है। कृष्ण को तो सुविधा है, कृष्ण की मूर्ति को तो हम सजा लेते हैं, मोरमुकुट बांध देते हैं, रेशम के वस्त्र पहना देते हैं, घुंघरू पहना देते हैं, हाथ में कंगन डालकर मोतियों का हार लटका देते हैं, पर बुद्ध और महावीर के पास तो कुछ भी नहीं है। बुद्ध के पास तो एक चीवर है, जिसको ओढ़ा हुआ है, महावीर के पास तो वह भी नहीं, लेकिन फिर भी अपूर्व सौंदर्य है। ऐसा सौंदर्य, जिसको किसी सजावट की कोई जरूरत नहीं। संसार तो छोड़ना है, संसार की माया-ममता भी छोड़नी है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि संन्यास कठोर बना दे तुम्हें, कृपण बना दे तुम्हें, कि तुम्हारे हृदय को पत्थर बना दे, तब तो तुम चूक गए।

## पर्यटन



# भोपाल में घूमने के लिए हैं बहुत जगहें

मध्य प्रदेश की राजधानी होने के साथ-साथ भोपाल शहर प्राकृतिक सुन्दरता और सांस्कृतिक विरासत के सभी आधुनिक आयाम स्थापित करता है। बताया जाता है कि इसे 11वीं शताब्दी में राजाभोज द्वारा बसाया गया था, तब इसे भोजपाल कहा जाता था जो अपभ्रंश होकर भोपाल हो गया है। भोपाल शहर में स्थित पुराने बाजार, मस्जिदें और महल बने हुए हैं। सुन्दर पार्क और गार्डन, लम्बी चौड़ी सड़कें, आधुनिक इमारतों से भोपाल एक सुन्दर शहर बन गया है। यहां पर्यटकों को मुग्ध करने वाली सौगात है ''शान-ए-भोपाल''। करीब 13 किलोमीटर की झील के किनारे सुन्दर ''मेरिन ड्राईव'' पर घूमने का आनन्द ही कुछ ओर है। मध्य में ''राजा भोज'' की विशाल मूर्ति स्थापित की गई है। रात में रोशनी में झिलमिलाता झील का दृश्य नयाभिराम होता है। आने वालों को एक शाम यहां जरूर बितानी चाहिए। भोपाल की ताज?उल?मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद मानी जाती है। स्वर्ण शिखर से मण्डित भोपाल चौक स्थित जामा मस्जिद भी आकर्षण का केन्द्र है। दिल्ली की जामा मस्जिद की तर्ज पर बनी मोती मस्जिद मुगल कला का सुन्दर नमूना है। अफगान शासक दोस्त मुहम्मद खान के बनाए गये महल एवं सुन्दर बगीचे दर्शनीय हैं, जहाँ कई फिल्मों की शूटिंग होती रहती है। भोपाल में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला पहाड़ी के शिखरों पर करीब 200 एकड़ में स्थापित है। इस संग्रहालय में 32 पारम्परिक एवं प्रागेतिहासिक शैल चित्र पाये जाते हैं। संग्रहालय परिसर में वन प्रान्तों, पर्वतीय, समुद्रतटीय तथा अन्य क्षेत्रों के मूल निवासियों तथा देश की विविध मौलिक समाजों की जीवन पद्धतियों को प्रदर्शित करने वाली सामग्री प्रदर्शित की गई है। भोपाल का यह संग्रहालय सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र है। इसके अतिरिक्त शौकत महल, सदर मंजिल, गौहर महल, भारत भवन, स्टेट म्यूजियम, गांधी भवन, वन विहार और लक्ष्मी नारायण मंदिर, छोटी और बड़ी झील तथा मछलीघर दर्शनीय स्थल हैं। भोपाल से 210 किलोमीटर दूरी पर मध्य प्रदेश का एक मात्र पर्वतीय स्थल पंचमढ़ी होशंगाबाद जिले में समुद्रतल से 1067 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

# कलेक्टर के हाथ जिले के मेधावियों को मिला सम्मान, परिजन हुए गदगद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट 2025 के प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को फूल-माला व मेडल पहनाकर उनका स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित मेधावियों के अभिभावाकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों को भी सम्मानित किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभी छात्रों से परिचय प्राप्त करते हुए उनकी सक्सेज स्टोरी जानी और भविष्य में उनके क्या सपने है इस विषय में भी बातचीत की और छात्र-छात्राओं से अपनी स्वयं की पढ़ाई और सफलता की कहानी शेयर करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया। मेधावियों को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा कि ईमानदारी के साथ कठिन परिश्रम कर मेधावियों ने जिले, स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक लाना और टॉप टेन में आना बड़ी बात है।



इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस श्री तेजस के., जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इन मेधावियों का हुआ सम्मान

जिले के छात्र जो प्रदेश की टॉप टेन मेरिट लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उनमें हाईस्कूल की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज रामसनेहीघाट के छात्र अभिषेक कुमार यादव ने 600 में 586 अंक हासिल किए हैं। वो प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे हैं। इसके बाद श्री साईं इंटर कॉलेज की असना फातिमा जैदी रही हैं। उन्होंने 600 में 584 अंक हासिल किए हैं। असना प्रदेश में चौथे स्थान पर रही है। इसके बाद महारानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज की गदीर फातिमा और सारिका पांडे रही हैं। दोनों ने 600 में 582 अंक हासिल किए हैं। गदीर फातिमा और सारिका पांडे ने प्रदेश की मेरिट सूची में छठवां स्थान हासिल किया। इसके बाद तहसील फतेहपुर के एसएसएमआईसी की छात्रा शुभी वर्मा रही हैं। उन्होंने 600 में 581 अंक हासिल किए हैं। वो प्रदेश की रैंकिंग में 7वें स्थान पर रही हैं। इसके बाद श्री

**प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करना बड़ी बात : डीएम शशांक त्रिपाठी**

**यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित किया**

साईं इंटर कॉलेज की छात्रा वृतिका वर्मा का स्थान रहा है। उन्होंने 600 में 579 अंक हासिल करके प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज की कलश वर्मा और जैदपुर के द मॉर्डन एकेडमी इंटर कॉलेज की छात्रा शगुफी मलिक ने 600 में से 578 अंक हासिल कर 10 वां स्थान प्राप्त किया हैं। इंटरमीडिएट में महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज की अंशिका तिवारी ने प्रदेश की मेरिट में जगह बनाते हुए 500 में 480 अंक हासिल किए हैं और 5वें स्थान पर रही हैं। इन छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा निजामपुर गाँव के इतिहास में पहली बार हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र राम केवल और उनके माता-पिता को भी जिलाधिकारी ने सम्मानित किया।

निजामपुर गाँव के इतिहास में पहली बार हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र बने राम केवल

**कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती....**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती....उक्त सूक्ति को चरितार्थ करते हुए ग्राम निजामपुर, ब्लाक बनीकोडर तहसील रामसनेहीघाट, जिला बाराबंकी के निवासी राम केवल पुत्र श्री जगदीश ने आज़ादी के बाद निजामपुर गाँव के इतिहास में पहली बार हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचा दिया। मानव की उत्पत्ति के बाद से अब तक तमाम पीढ़ियाँ गुज़रीं, किन्तु निजामपुर गांव, निकट अहमद्पुर टोल प्लाजा, बाराबंकी का कोई भी व्यक्ति बोर्ड परीक्षा वर्ष -2024 तक हाईस्कूल परीक्षा पास नहीं कर पाया।

नवाचार मिशन पहचान के अंतर्गत विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं ज्ञान में वृद्धि हेतु संचालित, ''आज का विचार'', ''बाल न्यूज सेन्टर'', ''फन डे'', :ओ एम आर सीट पर अधिगम स्तर का मासिक मूल्यांकन'' इत्यादि गतिविधियों से इसी गांव के राम केवल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025, राजकीय इण्टर कॉलेज, अहमद्पुर बाराबंकी से उत्तीर्ण कर, गांव निजामपुर का हाईस्कूल उत्तीर्ण करने वाला प्रथम छात्र बना जो न सिर्फ़ राम केवल की जीत है, बल्कि पूरे परिवार, गांव, समाज और राजकीय इण्टर कॉलेज -अहमद्पुर के लिए भी गर्व का पल है।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी ने कहा कि छात्र राम केवल ने जो रास्ता शुरू किया है, वो आने वाली पीढ़ियों को रोशनी दिखाएगा। एक प्रेरणादाई इतिहास लिखने के लिए राम केवल एवं उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामना देता हूँ और राम केवल की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी लेता हूँ। जिससे वह पढ़कर अपने सपनों को साकर कर सके। पढ़ाई के प्रति उदासीन छात्रों के लिये राम केवल रोल मॉडल है।

### संघर्षों के बल पर लहराया परचम

बाराबंकी । कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती.... को फलीभूत करते हुए ग्राम निजामपुर, ब्लाक बनीकोडर तहसील रामस्नेही घाट, जिला बाराबंकी के निवासी राम केवल पुत्र श्री जगदीश ने आज़ादी के बाद निजामपुर गाँव के इतिहास में पहली बार हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचा है.. मानव की उत्पत्ति के बाद से अब तक तमाम पीढ़ियाँ गुज़रीं,किन्तु निजामपुर गांव, निकट अहमदपुर टोल प्लाजा, बाराबंकी का कोई भी व्यक्ति बोर्ड परीक्षा वर्ष -2024 तक हाईस्कूल परीक्षा पास नहीं कर पाया। नवाचार मिशन पहचान के अंतर्गत विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं ज्ञान में वृद्धि हेतु संचालित, ''आज का विचार'', ''बाल न्यूज सेन्टर'', ''फन डे'', :ओ एम आर सीट पर अधिगम स्तर का मासिक मूल्यांकन'' इत्यादि गतिविधियों से इसी गांव के राम केवल ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025, राजकीय इण्टर कॉलेज, अहमदपुर बाराबंकी से उत्तीर्ण कर, गांव निजामपुर का हाई स्कूल उत्तीर्ण करने वाला प्रथम छात्र बना जो न सिर्फ़ राम केवल की जीत है, बल्कि पूरे परिवार,गांव,समाज और राजकीय इण्टर कॉलेज -अहमदपुर के लिए भी गर्व का पल है । राम केवल जो रास्ता शुरू किया है, वो आने वाली पीढ़ियों को रोशनी दिखाएगा। एक प्रेरणादाई इतिहास लिखने के लिए राम केवल एवं उनके परिवार को फिर से ढेरों बधाई एवं शुभकामना ।

## महादेवा कॉरिडोर, मकशद में मुस्तैद है नौकरशाह, अनियमित निर्माण की होड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर तहसील के लोधौरा गांव में महादेवा कॉरिडोर नव निर्माण दृष्टिगत करीब 10 माह पूर्व परिसर के चिंहित मकानों व प्लाट स्वामियों को मुआवजे की भारी रकम दी गई है। अब जब कॉरिडोर क्षेत्र की सीमा बढ़ाई जा रही है तो क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व कर्मी भी सक्रिय हुए हैं, तो कुछ लोगों ने लालच में खाली पड़े प्लाटों पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। उनका मानना है कि सरकार खाली प्लाट का पैसा बहुत कम दे रही है। अगर उस पर मकान बन जाएगा तो पैसे अधिक मिलेंगे। हालांकि कई लोगों ने राजस्व कर्मियों के साठगांठ से खाली भूमि पर मकान दर्शाकर बनामे में भारी रकम प्राप्त कर ली है। जबकि कॉरिडोर परिसर में वह जमीन आज भी खाली पड़ी है। धन की लालशा बहुत लोगों ने अपने प्लाट पर कार्य प्रारंभ कर दिया। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय राजस्व कर्मियों के सलाह पर हो रहे हैं यह चर्चा का विषय बना है।कुछ लोगों ने तो निर्माण कर लिया है। कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है,लेकिन जब यह बात जिले स्तर पर उच्च अधिकारियों तक पहुंची तो कार्य रुक गया है।जिन लोगों ने अपने मकान और प्लाटों की रजिस्ट्री कर दी है उन्हें पैसा मिल गया है। कुछ लोग अभी भी पैसे के लालच में इधर-उधर चक्कर काट रहे है। जिन लोगों की रजिस्ट्री हो गई है उनका कहना है कि सरकार ने कॉरिडोर में अधिग्रहित किए हुए जमीन का मानक के अनुसार पैसा दिया है। क्योंकि यहां के लोगों ने पैसा पाकर अन्य जगहों पर महंगी जमीने खरीद कर मकान बनाना शुरू कर दिया है। बहुत से लोग अपने मकान के सामने दुकान भी बना लिए हैं। उनका कहना है कि हम लोगों को जो पैसा मिला है वह सर्किल रेट से कम नहीं है। जिन्हें अभी तक पैसा नहीं मिला है या तो उन लोगों ने अभी तक प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई है या कोई और कमियां हैं । महादेव के अमरेश द्विवेदी बताते हैं कि उनका मकान की नाप पहली बार में गलत दर्शाई गई और जब शिकायत पर दुबारा नाप जोख हुई तो सरकारी अधिकारियों ने अपनी भूल माना । परंतु अभी तक बनाना नहीं कराया गया और ना ही भुगतान हुआ। जबकि दूसरे चरण की नाप जोख की जा रही है। बैनामा क्यों नहीं कराया उन्हें पैसा नहीं मिल पाया क्यों कोई बताने को तैयार नहीं। तहसील प्रशासन ने कई अन्य लोगों का भी मकान और जमीन चिन्हित नहीं की जबकि वह मंदिर के आसपास और कॉरिडोर सीमा में है। इसके पीछे तहसील अधिकारियों के मनसा क्या है वही जाने। कुछ वे लोग परेशान हैं और कहते हैं कि सरकार ने मानक के अनुसार पैसा नहीं दिया है। जबकि पैसा इतना अधिक मिला है कि लोग मालामाल हो गए हैं। जिनका अंदर मकान था वह लोग सड़क हाईवे किनारे जमीन खरीद कर अपने बड़े बड़े मकान बनवा लिए है।ऐसे व्यक्तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।

## टमाटर उत्पादकों की बढी दुश्वारियां, नहीं कोई खरीददार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**किसान परेशान, लागत निकालना मुश्किल**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। टमाटर उत्पाद भारी आर्थिक संकट में हैं। खेतों में पका लगा टमाटर बिक नहीं रहा है। व्यापारी या तो खरीदने से मना कर रहे हैं या फिर औने पौने दाम दे रहे हैं। टमाटर उत्पादकों की दश्वारियां पर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता सचिन की रपट टमाटर उत्पादक कृषक पवन कुमार ने 10 बीघे में टमाटर की खेती की थी। एक व्यापारी ने खरीदने का वादा किया। टमाटर तुड़वाने के बाद वह संपर्क में नहीं आ रहा। अब तोड़ा गया टमाटर खेतों में ही सड़ जा रहा है।किसान आनंद कुमार की दशा भी कम चिंताजनक नहीं ही। उन्होंने 4 बीघा में टमाटर की खेती पर 50 हजार रुपये खर्च किए। व्यापारी 25-28 किलो के कैरेट को मात्र 60 रुपये में खरीदना चाह रहे हैं। रोहित कुमार के खेत में भी पका टमाटर लगा है। उन्हें तुड़ाई की लागत भी नहीं मिल पा रही है।सफदरगंज थाना क्षेत्र के चौलिया गांव के व्यापारी गुड्डू का मामला सामने आया है। उसने 80 रुपये प्रति कैरेट के हिसाब से टमाटर खरीदा। अब वह न भुगतान कर रहा है और न ही फोन उठा रहा है।किसानों को इससे पहले खरबूजा और तरबूज की फसल में भी नुकसान हुआ था। अब टमाटर की खेती भी घाटे का सौदा साबित हो रही है। पीड़ित किसानों में रामू किशोर, प्रवीण कुमार, धीरज कुमार और कल्लू शामिल हैं। किसानों ने व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### डूडी गांव में चिकन पॉक्स का प्रकोप सीएचसी अलर्ट

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत डूडी में चिकनपॉक्स के 28 मरीज चिंहित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल मोबाइल यूनिट ने मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरित कीं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर डॉ.अफजल और डॉ. देव प्रताप सिंह की टीम गांव पहुंची। टीम में सीएचओ नाजिम, एएनएम और आशा कार्यकर्ता शामिल थे। संक्रमित मरीजों में 3 से 35 वर्ष तक की उम्र के लोग शामिल हैं।मरीजों में गौरी (7 वर्ष), जानवी (6 वर्ष), सलोनी (6 वर्ष), सौम्या (5 वर्ष), सेजल (7 वर्ष), उमा देवी (13 वर्ष), सट्टा (21 वर्ष), उषा (35 वर्ष), पुष्पा देवी (30 वर्ष), राधा (29 वर्ष), अजय (26 वर्ष), नीरज (35 वर्ष), अरुण (12 वर्ष), सिया (3 वर्ष) समेत अन्य लोग शामिल हैं।स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। विभाग ने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। साथ ही चिकनपॉक्स के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने को कहा है। बीमारी का फैलाव रोकने के लिए विभाग सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते चिकन पॉक्स के बीमारी फैल रही है । दो डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर घर-घर सर्वे कर दवाइयां दे रहे हो वहीं मरीजों को दवाइयां के साथ ही साफ सफाई सहित उचित परामर्श भी दिया जा रहा।

### टप्पेबाज ने एटीएम से उड़ाया सवा लाख

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम रामपुर तेलियानी निवासी मोहनलाल 29 अप्रैल को अपने भतीजे राघवराम का एसबीआई एटीएम कार्ड लेकर रामनगर में एटीएम से पैसे निकालने गया था।इस दौरान एक अज्ञात युवक ने ट्रांजेक्शन कैंसिल कराने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और किसी अन्य व्यक्ति का कार्ड थमा दिया।बाद में पता चला कि उनके खाते से फतेहपुर बाराबंकी लखनऊ समेत विभिन्न स्थानों से कुल ?1,15,676 की निकासी कर ली गई।इसमें एटीएम और दुकानों से की गई कई ट्रांजेक्शन शामिल हैं।पीड़ित ने बैंक और पुलिस से कार्रवाई और अपनी धनराशि की वापसी की गुहार लगाई है।

### ग्राम चौपाल में बीडीओ ने सुना जनसमस्याएं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन की मंशा अनुरूप गांव की समस्या गांव में ही समाधान के क्रम में आज शुक्रवार को क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतो में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। निंदूरा क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों काजीबेहटा और भद्रास में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत काजीबेहटा में खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने जन समस्याएं सुनी।यहां पर पेंशन संबंधी दो प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार निगम ,ग्राम प्रधान कुर्बान,आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री मौजूद रही।

### ईओ ने छेड़ा अतिक्रमण अभियान , बेलहरा में हड़कंप

बेलहरा बारांबकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बेलहरा के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के नृतेत्व में नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ टीम ने अतिक्रमण हटाया। यह अभियान बेलहरा ईदगाह गेट से लेकर बाबा साहब चौराहा होते हुए सिंगहा मोड़ तक चला जिसमें अधिकतर दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण पहले ही हटा लिया था बाकी लोगों को अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि सड़क की नाली के बाहर सामान दिखा तो उसे ज़ब्त करते हुए जुर्माने की कार्यवाही भी होगी। उन्होंने ने कहा कि दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से तख्त,मेज़, टीन शेड आदि रखे जाते हैं जिसके कारण नालियों की साफ़ सफाई समुचित तरीके से नहीं हो पाती और जाम की स्थिति भी बनी रहती है। नगर पंचायत प्रशासन की इस कार्रवाई से व्यापारियों, दुकानदारों और अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर उपनिरीक्षक शशिकांत त्रिपाठी,नेगी बाबू,गोविंद,दुर्गेश मौर्य,संकेत कुमार,मोहम्मद हाशिम,मो. रिहान आदि कर्मचारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### संतोषी माता मंदिर भंडारा, छका प्रसाद

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कस्बा पूरब में संतोषी माता मंदिर में आयोजित भंडारे में भारी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को मंदिर पुजारी मदन लाल तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय भक्तों के सहयोग से 14वें भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में स्त्री पुरुष एवं बच्चों ने भंडारा प्रसाद का लुफ्त आनंद उठाया । इस अवसर पर लल्ला वर्मा , बबलू रावत , मुकेश दिवाकर , नितिन मौर्य , दीप तिवारी, पत्रकार कृष्ण गोपाल सोनी , मुरारी सोनी , अमित सोनी , नीरज सोनी , दिनेश सोनी , सत्यनारायण श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## लोहटी में बही भक्ति रसधार यादगार बन गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**साजन सजन साजना सजना एक ही बात हो गई**

बाराबंकी। गणेशपुर अंचल स्थित ग्राम लोहटीजई के श्रीनर्मदेश्वर महादेव के शिवालय प्रांगण अक्षय तृतीया महोत्सव की 65 वर्षीय परम्परा क्रम इस बार भी आस्था और श्रद्धा एवं भव्यता से परिपूर्ण हुआ। और महोत्सव आयोजन के प्रेरणा स्त्रोत स्मृतिशेष उमाशंकर त्रिवेदी व शिवप्रसन्न त्रिवेदी जी को समर्पित रहा।सैकड़ा से अधिक धार्मिक सामाजिक आयोजनों की स्मृति समेटे पावन स्थल अक्षय तृतीया श्रंखला की अविस्मरणीय इबारत लिख रहा था। यूं कि इस वर्ष दिवंगत उमाशंकर त्रिवेदी की अनुपस्थिति में उनके परिवारजनों द्वारा श्रद्धा एवं पूर्ण निष्ठा से परंपरा, दायित्व का निर्वहन जो किया। महोत्सव में अखंड रामचरितमानस पाठ पूर्ण विधिविधान से हुआ तदोपरांत भव्यता से जवाबी कीर्तन आयोजित हुआ।

भव्य मंच पर बाराबंकी की प्रसिद्ध कीर्तनकार ज्योति कमल व जनपद बहराइच के सम्मानित कीर्तनकार जानकी रमन द्वारा अपनी सशक्त प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। कीर्तनकार ज्योति कमल ने साजन सजन साजना सजना एक ही बात हो गई को बुलंदी दी तो मारन मरण मारना मरना की बात हो गई।जहां पर जला न हो कोई वहीं पर जलाना गीत गाकर पुरस्कार व प्रशंसा में तालियां बटोरी। जिसके प्रतिउत्तर में शिव भक्त जानकी रमन द्वारा गीत महल सोने का बनवा दो हो भोले भंडारी व के रवि न उदय हो बीत जाए निशाना सुनाया।इसी मध्य उमाशंकर जी एवं कीर्तनकार स्वर्गीय राजकमल खुरपेंची को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्षेत्रीय नागरिकों श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों व कीर्तन प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखते ही बनी।फलतः आयोजन एक बार फिर से धार्मिकोत्सव बना।

## नवेले दूल्हा ने पोल पर चढ़ मौत को गले लगाया, विवाह के भोर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलहरा बाराबंकी। कोतवाली फतेहपुर के बंजरिया गांव निवासी अंकित 22 वर्ष का विवाह 30 अप्रैल को थाना रामनगर के हसनापुर गांव निवासी सुधा से हुआ था। 1 मई को दुल्हन विदा होकर उसके घर बंजरिया आई थी। बताते हैं कि शाम को अंकित कुछ बताए बिना कही चला गया। देर रात तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। सवेरे ग्रामीणों ने गांव के बाहर लगे बिजली के खंभे पर अंकित का शव तार से चिपका देखा।और इसकी सूचना परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। अंकित की मौत ख़बर सुनते ही सुधा बदहवास हुई। सूचना पर पहुंची फतेहपुर पुलिस ने बिजली आपूर्ति ठप्प कराकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अखंड भारत के नवनिर्माण में आज गुरु का योगदान अतुलनीय : चेतनानंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आदिगुरु के जयंती पर हुए विविध अनुष्ठान**

बाराबंकी। आदि गुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव आज मंत्र आचार्य के मध्य श्रद्धा से उल्लास पूर्वक मनाया गया। नगर के आवास विकास स्थित शिवयोग पीठम मैं स्वामी चेतना परमहंस जी द्वारा मंत्रोच्चार मध्य विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया। उपस्थित सनातन धर्म प्रेमियों के मध्य अपने संबोधन में स्वामी जी ने आदिगुरु शंकराचार्य को सनातन धर्म का सूरज बताते कहा कि आपने अखंड भारत के नवनिर्माण में अनुपम कार्य किए। रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि तहसील क्षेत्र के ग्राम मलौली स्थित श्रीपंचमुखी हनुमंतधाम दंडी संन्यासी आश्रम में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती श्रद्धा एवं वैदिक विधानों के साथ मनाई गई।यह आयोजन



जगत गुरुकुलम के पीठाधीश्वर स्वामी श्री असम्भव सम्भवानंद सरस्वती के सानिध्य में हुआ।आश्रम में विगत तीन वर्षों से संचालित वैदिक गुरुकुल में लगभग 50 वैदिक विद्यार्थी वेदों का निःशुल्क का अध्ययन कर रहे हैं।इन्हीं विद्यार्थियों और आश्रमवासियों द्वारा मंत्रोच्चार और विधिविधान से शंकराचार्य जयंती का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आश्रम की प्रबंधक साध्वी जानकी वैष्णो दास आचार्य विनय कुमार पांडेय आचार्य बिधनेश कुमार पाण्डेय आचार्य शिवांश पांडे बटुक ब्राह्मण ललित शुक्ला विवेक अवस्थी समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बैठक में चकबंदी अधिकारियो के खिलाफ दिखा असंतोष

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहरौली में ग्राम प्रधान मंजू यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चकबंदी अधिकारी व सहायक चकबंदी अधिकारी तथा बंदोबस्त चकबन्दी अधिकारी भी उपस्थित रहे।बैठक में ग्राम वासियों ने कब्जा परिवर्तन को लेकर भारी असन्तोष जताया। ग्रामीणों का कहना था कि हमारी चक अपीलों के सम्पूर्ण निस्तारण के बाद ही चक परिवर्तन कराये जाए, चक आपत्तियों से सम्बन्धी अभिलेख जल्द और पर्चा 23 मुहैय्या कराया जायें ताकि अपीलें जल्द से जल्द योजित कर सके। किसानों ने बताया कि 50 फीसदी लोगों को पर्चा 23 नही दिया गया है। ग्राम प्रधान मंजू यादव ने अधिकारियों से सभी किसानों की समस्याओं का विधि अनुकूल निस्तारण करने की मांग की। बैठक में सलाउद्दीन, मुन्ना गाजी, राजाराम, मो आजाद, सुनील, रामनरेश, गजोधर ,रमेश चंद्र ,सतीश चंद्र, विनोद कुमार संजय यादव, मुनेश्वर रावत ,यूनुस ,,दिनेश कुमार, अनिल कुमार,उमेश यादव, भगवानदीन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जीत की तलाश में भारतीय महिला हॉकी टीम, 3-4 मई को होंगे अंतिम दो मुकाबले

**एजेंसी**



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम दो मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इन दोनों मुकाबलों में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होगा, जो विश्व स्तर पर एक मजबूत टीम मानी जाती है। ऐसे में भारतीय महिला टीम के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, लेकिन टीम इन मुकाबलों को जीतकर दौरे की निराशा को पीछे छोड़ना चाहती है।

इस दौरे पर अब तक भारत को कोई जीत नहीं मिली है। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है, जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मुकाबले भी खेले, लेकिन जीत दर्ज करने में नाकाम रही। टीम इस दौरे को अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाली एफआईएच प्रो लीग की तैयारी के तौर पर देख रही है। इसलिए मुख्य कोच हरेंद्र सिंह नई रणनीतियों और खिलाड़ियों के संयोजन को आजमा रहे हैं। हरेंद्र सिंह ने कहा, हमारे लिए यह दौरा काफी अहम है। भले ही जीत नहीं मिली है, लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन में कई सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। हार से निराशा जरूर होती है, खासकर तब जब हम आसान गोल गंवा बैठते हैं, लेकिन ऐसे मुकाबलों का अनुभव खिलाड़ियों को मजबूत बनाता है।

उन्होंने आगे कहा, ल्लटीम के युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है। जितना अधिक मैच खेलेंगे, उतना ही उनका आत्मविश्वास और अनुभव बढ़ेगा। इस दौरे का उद्देश्य सिर्फ परिणाम नहीं बल्कि टीम को भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

भारतीय महिला हॉकी टीम अब दौरे के अंतिम दो मैच 3 और 4 मई को पर्थ में खेलेगी। ये दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 3:10 बजे शुरू होंगे। टीम और कोचिंग स्टाफ की नजर इन मुकाबलों में जीत हासिल कर आत्मविश्वास के साथ दौरे का समापन करने पर होगी।

# अंडर-14 लड़के और लड़कियों के लिए अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय टूर्नामेंट एवं ट्रायल की शानदार शुरुआत

**एजेंसी**

घगवाल । राजकीय उच्च विद्यालय जटवाल में जोन घगवाल के अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय टूर्नामेंट का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया जो पूरे जोन घगवाल के युवा खिलाड़ियों के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत है। इस समारोह में मेजबान स्कूल के प्रधानाध्यापक रमेश चंद के साथ-साथ जेडपीईओ घगवाल विकास मलगोत्रा और जोन घगवाल के सभी फिजिकल फील्ड स्टाफ की उपस्थिति रही। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के तारा चंद जेकेएएस निदेशक के संरक्षण में धर्मवीर सिंह डीवाईएसएसओ सांबा के मार्गदर्शन और जेडपीईओ घगवाल विकास मलगोत्रा की समग्र देखरेख में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच खेल और खेलों को बढ़ावा देना, खेल भावना को बढ़ावा देना और उच्च स्तरीय



प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना है।

घगवाल जोन के सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 351 छात्र कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और कुश्ती सहित विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को समर्पण के साथ भाग लेने और अपनी क्षमताओं के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने में मदद मिलेगी।

उन्होंने युवा दिमाग को आकार देने और भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत नींव बनाने में खेलों के महत्व पर जोर दिया। अंत में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर कायरतापूर्पर्ण आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए मौन प्रार्थना की गई। शांतिप्रिय आगंतुकों के खिलाफ यह जघन्य कृत्य हमारी भूमि की आत्मा पर हमला है।

# फिट इंडिया सन्डे ऑन साइकिल में शिक्षकों संग पैडल मारेंगे खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**एजेंसी**



नई दिल्ली। केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया रविवार (4 मई) को राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले 'फिट इंडिया सन्डे ऑन साइकिल' के विशेष संस्करण 'साइकिलिंग विथ टीचर्स' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इस विशेष कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षक,कोच और शैक्षणिक मार्गदर्शक भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य ल्लफाइट ओबेसिटीङ्क यानी मोटापे से लड़ने के राष्ट्रीय अभियान को आगे बढ़ाना है, जिसमें शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया गया है।

2 लाख से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं इस पहल से- देशभर में दिसंबर 2024 से शुरू हुई इस साइक्लिंग मुहिम में अब तक 5000 से अधिक स्थानों पर 2 लाख से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। यह पहल हर आयु वर्ग के लोगों को फिट रहने और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। हाल ही में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पाने वाले बैडमिंटन डबल्स खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी इस पहल की जमकर तारीफ की। सात्विक ने कहा, ल्लआजकल लोग मोटरसाइकिल ज्यादा चलाते हैं, साइकिल नहीं। लेकिन ये पहल शानदार है। हाल ही में मैं हैदराबाद में घर गया तो बच्चों की साइकिल चलाकर देखा,बड़ा अच्छा लगा। चिराग शेट्टी ने कहा, ल्लसाइकिल चलाना न केवल फिटनेस के लिए अच्छा है बल्कि पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। अगर हम सप्ताह में एक-दो बार या रोज़ाना साइकिल से काम पर जाएं या टहलें, तो यह डबल फायदेमंद साबित होता है। इस आयोजन में सांसद और भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी भी मौजूद रहेंगे। उनके साथ प्रसिद्ध पर्वतारोही नरेंद्र कुमार भी हिस्सा लेंगे, जिन्होंने हाल ही में अप्रैल 2025 में मात्र 12 दिनों में विश्व की 10वीं सबसे ऊंची चोटी माउंट अन्नपूर्णा (8091 मीटर) को फतह किया है।

# पाकिस्तान दौरे से पहले यूएई के खिलाफ दो टी-20 मैच खेलेगा बांग्लादेश

**एजेंसी**

नई दिल्ली। बांग्लादेश पुरुष क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे से पहले इस महीने के अंत में यूएई का दौरा करेगी, जहां टीम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। ये मुकाबले 17 और 19 मई को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे (स्थानीय समयानुसार) खेले जाएंगे। यह दोनों देशों के बीच तीन वर्षों में दूसरी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला होगी।

बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गई थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज़ अपने नाम की थी। इस बार भी बांग्लादेश की टीम



मजबूत नजर आ रही है, जबकि यूएई को घरेलू परिस्थितियों का फायदा मिल सकता है। एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुब्हान अहमद ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हम एक बार फिर बांग्लादेश पुरुष टीम की मेज़बानी करके उत्साहित हैं। पिछले तीन वर्षों में हमने न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी आईसीसी फुल मेंबर टीमों की मेज़बानी की है। अब बांग्लादेश की यह दूसरी द्विपक्षीय यात्रा हमारे लिए खास है। वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी)के सीईओ निज़ामुद्दीन चौधरी ने कहा, ''यूएई में दोबारा खेलना हमारे लिए अच्छा अनुभव होगा। ये मुकाबले हमारी टीम के लिए एशिया कप और आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीज़न की तैयारी का अहम हिस्सा होंगे।

बांग्लादेश की यह सीरीज़ 2025 के टी20 शेड्यूल की शुरुआत है। पाकिस्तान दौरे के बाद टीम श्रीलंका जाएगी, जहां दो टेस्ट, तीन वनडे और दो टी20 खेले जाएंगे। अगस्त में बांग्लादेश भारत की मेज़बानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले होंगे। दूसरी ओर, यूएई की टीम इन दिनों नीदरलैंड्स में वर्ल्ड कप लीग 2 में खेल रही है, जहां 11 मैचों में केवल दो जीत के साथ वह अंकतालिका में सबसे नीचे है।

# भारतीय और अमेरिकी टीम के बीच शतरंज महा-मुकाबला 4 अक्टूबर को

**एजेंसी**



नई दिल्ली । शतरंज प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर सामने आई है। हाल ही में विश्व चैम्पियन बने ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश के नेतृत्व में भारतीय टीम 4 अक्टूबर को अमेरिका में जीएम हिकारू नाकामुरा की अगुवाई वाली अमेरिकी टीम से भिड़ेगी।

यह हाई-वोल्टेज मुकाबला 'चेकमैटः यूएसए वर्सेस भारत' नाम से अमेरिका के एरिंगटन स्थित ईस्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस पांच-बोर्ड मुकाबले में शतरंज की दुनिया के बड़े सितारे, उभरते हुए खिलाड़ी, महिला प्रतिभाएं और लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे।

दिग्गजों की टक्करः गुकेश बनाम नाकामुरा, एरिगैसी बनाम कारुआना भारत की ओर से शीर्ष बोर्ड पर डी. गुकेश उतरेंगे, जिनका सामना अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा से होगा। दूसरे बोर्ड पर भारत के जीएम अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के जीएम फ़ेबियानो कारुआना के बीच कंटे की टक्कर देखने को मिलेगी। गौथमचेस बनाम सागर शाहः कंटेंट क्रिएटर्स की दिलचस्प भिड़ंत तीसरे बोर्ड पर शतरंज के दो चर्चित कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे। अमेरिका की ओर से आईएम लेवी रोज़मैन (गौथमचेस) जबकि भारत की ओर से आईएम सागर शाह (चेसबेस इंडिया के संस्थापक) मुकाबले में उतरेंगे। यह भिड़ंत दर्शकों के बीच खासा रोमांच भरने वाली होगी।

महिला प्रतिभाओं की भिड़ंतः करिसा यिप बनाम दिव्या देशमुख महिला बोर्ड पर अमेरिका की सबसे होनहार युवा खिलाड़ी करिसा यिप और भारत की अंडर-21 में विश्व की सर्वोच्च रेटेड महिला खिलाड़ी दिव्या देशमुख आमने-सामने होंगी। जूनियर स्टार्स का मुकाबलाः तनितोलुवा बनाम एथन वाज़ पांचवें बोर्ड पर जूनियर खिलाड़ियों में अमेरिका के तनितोलुवा अडेवुमी और भारत के एथन वाज़ के बीच भिड़ंत होगी। मुकाबला 5 राउंड में खेला जाएगा, हर बार एक बोर्ड पर एक गेम होगा। हर गेम में समय नियंत्रण होगाः रेगुलर गेमः 10 मिनट प्रति खिलाड़ी अगर ड्रॉ हुआ तो ओवरटाइम गेमः 5 मिनट प्रति खिलाड़ी फिर भी ड्रॉ तो शूटआउट गेमः 1 मिनट प्रति खिलाड़ी तब भी नतीजा नहीं निकला तो 1-1 मिनट के गेम चलते रहेंगे जब तक विजेता ना मिल जाए अमेरिका को घरेलू लाभ के तहत सभी बोर्ड्स पर सफ़ेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। मैच का दूसरा चरण भारत में आयोजित होने की संभावना है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में भी तेजी का रुख

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज खरीदारी का माहौल बना हुआ है। अमेरिका में जीडीपी के कमजोर आंकड़ों के बावजूद बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। डाउ जॉन्स निचले स्तर से करीब 1,000 अंक की रिकवरी करने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,604.14 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 264.40 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की छलांग लगा कर 17,710.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 330.51 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41,083.47 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज संदीप शर्मा आईपीएल 2025 से बाहर

नई दिल्ली । राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में एक बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइज़ी ने गुरुवार को पुष्टि की कि संदीप की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है और वे अब आगे नहीं खेल पाएंगे। 31 वर्षीय संदीप शर्मा को यह चोट गुजरात टाइटंस के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। अपनी ही गेंद पर शुभमन गिल का शॉट रोकने की कोशिश में उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अपने स्पेल की बची हुई 8 गेंदें डालीं। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, ल्लसंदीप ने जिस हिम्मत के साथ चोट के बावजूद गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

आईपीएल 2025 में संदीप शर्मा ने अब तक 10 मुकाबलों में 9 विकेट अपने नाम किए और उनका इकॉनमी रेट 9.89 रहा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था।

राजस्थान रॉयल्स की टीम मैनेजमेंट अब संदीप के रिप्लेसमेंट पर काम कर रही है। फ्रेंचाइज़ी ने कहा है कि जल्द ही उनके स्थान पर नए खिलाड़ी की घोषणा की जाएगी। फिलहाल रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, ऐसे में संदीप की गैरमौजूदगी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकती है।

## मैड्रिड ओपन 2025: कोको गॉफ ने स्वियातेक को हराकर फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने मौजूदा चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैड्रिड ओपन 2025 के सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दी। गॉफ ने यह मुकाबला महज 64 मिनट में 6-1, 6-1 से जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बना सकीं पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक इस मुकाबले में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। वह एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और अपनी सर्विस पांच बार गंवाई। गॉफ ने पहले सेट में तीसरे, पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक कर स्वियातेक को पूरी तरह दबाव में ला दिया। यह पहली बार है जब 21 वर्षीय कोको गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियातेक को हराया है। उन्होंने दूसरे सेट में भी दो बार ब्रेक किया और बिना कोई गलती किए पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया। स्वियातेक का इस साल मैड्रिड ओपन में प्रदर्शन अस्थिर रहा। उन्होंने पहले राउंड में अलेक्जेंड्रा ईला और फिर डायना श्नाइडर के खिलाफ सेट गंवाए। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मैडिसन कीज़ से पहले सेट में 6-0 की हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की। लेकिन सेमीफाइनल में गॉफ के सामने वह पूरी तरह बेबस नजर आईं। अब टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल बेलारूस की आर्यना सबालेंका और यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ी इस समय शानदार फॉर्म में हैं और विजेता का सामना फाइनल में गॉफ से होगा।

# उतार-चढ़ाव के बीच मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 59 हजार करोड़ की चपत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। कारोबार की शुरुआत में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ने आज जोरदार बढ़त हासिल की। इसी दौरान सेंसेक्स 81 हजार अंक के स्तर को पार करने में भी सफल रहा। हालांकि बाद में हुई बिकवाली के कारण यह सूचकांक ऊपरी स्तर से एक हजार अंक से अधिक लुढ़क भी गया। पहले घंटे के कारोबार के बाद बाजार में बने बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने पहले तो लाल निशान में गोता लगाया, फिर खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में रिकवरी करने में भी सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.32 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जमकर बिकवाली होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेलीकॉम इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस, मीडिया और बैंकिंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 60 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में



लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 422.65 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.24 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 59 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,085 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,761 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,183 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 141 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,534 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,047 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,487 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 57.95 अंक की मामूली मजबूती के साथ 80,300.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से पहले घंटे में ही यह सूचकांक 935.69 अंक की मजबूती के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 81,177.93 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर बाद यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 1 हजार अंक से अधिक टूट कर 73.65 अंक की कमजोरी के साथ 80,168.59 अंक तक पहुंच गया। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 300 अंक से अधिक की रिकवरी करके 259.75 अंक की तेजी के साथ 80,501.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने 22.30 अंक की कमजोरी के साथ 24,311.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल- वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-PFM-MX-157-25-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. 01.05.2025 1300/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आतंकवाद वैश्विक चुनौती, लोकतांत्रिक देश एकजुटता से करें साझी कार्रवाई : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आतंकवाद को राष्ट्रीय सीमाओं से परे वैश्विक चुनौती बताते हुए आज कहा कि इस समस्या को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

श्री बिरला ने ये टिप्पणी आज संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए जापानी संसदीय शिष्टमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान की। श्री बिरला ने कहा कि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और लोकतांत्रिक देशों के मूलभूत मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के सम्मान और परस्पर विश्वास की भावना के साथ सामूहिक और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जापानी संसद के स्पीकर श्री नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। श्री बिरला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में भारत के साथ खड़े रहने के लिए जापान के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, भारत और जापान की मित्रता विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

श्री बिरला ने क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत और जापान के बीच साझेदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बारे में हमारी चिंताएँ और दृष्टिकोण एक समान है। श्री बिरला ने आगे कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित हमारे संबंध दोनों देशों के परस्पर लाभ और प्रगति के साथ ही इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में इस मित्रता ने रणनीतिक



और वैश्विक सहयोग का रूप ले लिया है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और जापान के बीच मित्रता सभ्यतागत संपर्कों, बौद्ध धर्म की साझी विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति साझी प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हर साल बड़ी संख्या में जापानी पर्यटक और तीर्थयात्री भारत आते हैं और बौद्ध धर्म से जुड़े स्थानों की यात्रा करते हैं, जिससे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और मजबूत हो रहे हैं। श्री बिरला ने भारत के 50 हजार से अधिक कुशल कर्मियों को जापान में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए जाने के जापान के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। उन्होंने जापान में भारतीय छात्रों को अधिक अवसर प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग के आश्वासन के लिए जापान का आभार व्यक्त किया। पिछले साल भारत ने संविधान निर्माण के 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पूरी करने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति और विकास की गाथा में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संविधान के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हुए और जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। श्री बिरला ने 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016' और 'उभयलिंगी व्यक्ति अधिनियम, 2019' जैसे कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कानूनों ने समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने शिष्टमंडल को बताया कि आधुनिक, संतुलित और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए भारत की विधायी प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया गया, जिसमें संघ और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की संसद ने अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने और इसे जन-सुलभ और अधिक दक्ष बनाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और एआई का उपयोग बढ़ाया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने इन अनुभवों को जापान की संसद के साथ साझा करने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य सभा सदस्य संजय झा, लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और सुश्री कमलजीत सहरावत उपस्थित थे।

# वेव्स भारत सरकार की एक खूबसूरत पहल : हेमा मालिनी

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) की प्रशंसा करते हुये कहा कि यह भारत सरकार की एक खूबसूरत पहल है और उन्हें इसका हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

मुंबई के प्रतिष्ठित जियो वर्ल्ड सेंटर में गुरुवार को पहली बार वेव्स की भव्य शुरुआत हुई, जिसमें एक दमदार पैनल चर्चा हुई, जिसका शीर्षक लीजेंड्स एंड लेगेसीजः द स्टोरीज दैट शेप्ड इंडियाज सोल था। इस सत्र में भारत में सिनेमा के कुछ सबसे प्रतिष्ठित प्रतिरूप कहानी कहने, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत पर एक आकर्षक चर्चा में एक साथ आए।उद्घाटन पैनल में हेमा मालिनी, मोहनलाल और चिरंजीवी शामिल थे, और इसका संचालन सुपरस्टार अक्षय कुमार ने किया। इस मौके पर, हेमा मालिनी ने इस पहल की दिल से प्रशंसा करते हुए कहा,ह्ल यह भारत सरकार की एक सुंदर पहल है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूँ। प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने वेव्स को रचनाकारों और नवोन्मेषकों के लिए एक उल्लेखनीय मंच बना दिया है। प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने सिनेमा की विकसित प्रकृति पर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि कला सिनेमा और मनोरंजन सिनेमा के बीच की रेखा बहुत पतली है क्योंकि कला फिल्मों में मनोरंजन का मूल्य भी होता है। उन्होंने कहा, ह्लमैं कला और व्यावसायिक सिनेमा के बीच अंतर नहीं करता।यह कहानी है जो लोगों को प्रभावित करती है। दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी ने अपने सिनेमाई सफ़र पर दिल से अपनी बात साझा की, जो गहरे जुनून और उत्कृष्टता की निरंतर खोज से चिह्नित है। अपनी शुरुआती आकांक्षाओं को याद करते हुए उन्होंने कहा, बचपन से ही अभिनय मेरा पहला प्यार रहा है। मैं हमेशा लक्ष्य पर निशाना साधने की इच्छा से प्रेरित था। मैं हमेशा खुद से पूछता था- एक बेहतर अभिनेता बनने के लिए मैं क्या अनोखा तत्व ला सकता हूं। चिरंजीवी ने प्रामाणिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए ज़मीन से जुड़े रहने और लोगों से जुड़े रहने की गहरी इच्छा व्यक्त की।

# बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल - 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा , ह्ल बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।

# मोदी ने केरल के विझिनजाम बंदरगाह राष्ट्र को किया समर्पित

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल में आठ हजार 900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया।

यह भारत का पहला मेगा ट्रांसशिपमेंट कंटेनर टर्मिनल है जो वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा, रसद दक्षता को बढ़ाएगा और विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता को कम करेगा। श्री मोदी ने बंदरगाह को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा, यह बंदरगाह भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।भारत के तटीय राज्य और हमारे बंदरगाह शहर विकसित भारत के लिए विकास के प्रमुख केंद्र बनेंगे।आने वाले वर्षों में ट्रांसशिपमेंट हब की क्षमता तीन गुना हो जाएगी, जिससे दुनिया के कुछ सबसे बड़े मालवाहक जहाजों का आसानी से आगमन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि भारत के 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट ऑपरेशन पहले विदेशी बंदरगाहों पर किए जाते थे, जिससे देश को काफी राजस्व हानि होती थी। इस बात पर जोर देते हुए कि यह स्थिति अब बदलने वाली है, उन्होंने कहा कि भारत का पैसा अब भारत की सेवा करेगा और जो धन कभी देश से बाहर जाता था, वह अब




केरल और विझिनजाम के लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा करेगा। श्री मोदी ने टिप्पणी की कि औपनिवेशिक शासन से पहले भारत ने सदियों तक समृद्धि देखी, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि एक समय में, भारत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में एक बड़ा हिस्सा रखता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उस युग के दौरान भारत को अन्य देशों से अलग करने वाली बात इसकी समुद्री क्षमता और इसके बंदरगाह शहरों की आर्थिक गतिविधि थी।यह देखते हुए कि केरल ने इस समुद्री ताकत और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने समुद्री व्यापार में केरल की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि अरब सागर के माध्यम से, भारत ने कई देशों के साथ व्यापार संबंध बनाए रखे। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल से जहाज विभिन्न देशों में माल ले जाते हैं, जिससे यह वैश्विक वाणिज्य के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा, ह्लआज, भारत सरकार आर्थिक शक्ति के इस चैनल को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत के तटीय राज्य और बंदरगाह शहर एक विकसित भारत के विकास के लिए प्रमुख केंद्र बनेंगे। श्री मोदी ने कहा, जब बुनियादी ढांचे और व्यापार करने में आसानी को एक साथ बढ़ावा दिया जाता है, तो बंदरगाह अर्थव्यवस्था अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, यह भारत सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीति का खाका रहा है।

## दिल्ली में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना, कई इलाकों में जलभराव की स्थिति

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार तड़के आंधी-तूफान और गरज के साथ झमाझम बारिश होने से राजधानी के कई इलाकों में जहां जलभराव की स्थिति बन गयी, वहीं सड़कों पर पानी भरने के कारण हर तरफ यातायात जाम की समस्या हो गई। ऑफिस जाने या अन्य जरूरी काम से निकले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बारिश के कारण हालात का जायजा लेने निकलीं, वह मजनूं का टीला पहुंचीं और वहां भारी जलभराव होने के कारण अधिकारियों के निर्देश दिए। राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में आज झमाझम बारिश होने के बाद मौसम सुहावना हो गया, लेकिन तेज हवा के कारण कई जगह पेड़ गिरने से नुकसान भी हुआ है। झमाझम बारिश के कारण एयर पोर्ट फ्लाइओवर, मोती बाग, धौला कुआं, द्वारका अंडरपास, मिंटो रोड, तिमारपुर, भजनपुरा, करावलनगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया, ह्लआज बेमौसम रिकॉर्ड बारिश से दिल्ली के कई जगह कुछ में पानी रुका। सुबह साढ़े पांच बजे से ही कई जगह जाकर स्थिति का जायजा लिया। मिंटो ब्रिज पर जाकर देखा की चारों पम्प काम कर रहे हैं और ऑपरेटर भी तत्पर था। मॉनसून के मद्देनजर नालों की सफाई लगातार पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, एनडीएमसी, आईएफसी द्वारा कराई जा रही है।

## अनुराधा प्रसाद ने यूपीएससी की सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय में अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय की पूर्व सचिव सुश्री अनुराधा प्रसाद ने शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

आयोग के अनुसार उन्हें आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने शपथ दिलाई। सुश्री प्रसाद लेडी श्रीराम कॉलेज से स्नातक हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। उन्होंने ब्रिटेन के बर्मिंघम विश्वविद्यालय से विकास प्रशासन में भी स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की है। सुश्री प्रसाद भारतीय रक्षा लेखा सेवा के 1986 बैच की अधिकारी हैं। उन्हें सार्वजनिक नीति, वित्त और सहकारी संघवाद में व्यापक अनुभव है। अपने 37 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने रक्षा, वित्त, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, श्रम और रोजगार तथा गृह मंत्रालयों में काम किया है तथा नीति , कार्यक्रम निर्माण और कार्यान्वयन में अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने रक्षा मंत्रालय की अधिग्रहण शाखा में वित्त प्रबंधक के रूप में बड़े प्लेटफार्मों के अधिग्रहण को संभाला और वित्त मंत्रालय में रक्षा सेवाओं और आयुध निर्माणी बोर्ड के लिए वित्त और लेखा का काम संभाला। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर, खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं और उद्योग-संचालित अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से खाद्य उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बोर्ड के सदस्य के रूप में भी काम किया, साथ ही वह राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद में भी रहीं। सेवानिवृत्ति के बाद सुश्री प्रसाद ने दिल्ली सरकार के पुलिस शिकायत प्राधिकरण की सदस्य के रूप में कार्य किया।

## कांग्रेस ने पहलगाम हमले में मारे गये लोगों के परिजनों के साथ एकजुटता व्यक्त की

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पहलगाम हमले में मारे गये लोगों के परिजनों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा है कि संकट की घड़ी में पूरा राष्ट्र एकजुट है और भारत में आतंक फैलाने के लिए पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए आतंकवाद पर निर्णायक रूप से लगाम लगाने की ज़रूरत है। कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को यहां हुई बैठक में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले 26 परिवारों के साथ एकजुटता और संवेदना व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित कर कहा गया है कि इन परिवारों का दर्द पूरे राष्ट्र का दर्द है। कांग्रेस कार्य समिति केवल शब्दों में ही नहीं बल्कि स्थायी एकजुटता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पार्टी ने कहा, पूरा देश आज जवाबदेही, स्पष्टता और न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। इस अक्षम्य और उकसावे भरे हमले के मद्देनज़र कांग्रेस मानती है कि यह राजनीति करने का समय नहीं है, यह वह क्षण है जब देश को एकजुटता, दृढ़ता और राष्ट्रीय संकल्प दिखाना चाहिए। राजनीतिक मतभेदों से उठकर यह हमें स्पष्ट संदेश देना होगा कि भारत एकजुट है और किसी भी परिस्थिति में उसकी एकता को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह समय हमारे राष्ट्रीय संकल्प को प्रदर्शित करने का है ताकि हम पाकिस्तान को सबक सिखा सकें और आतंकवाद पर निर्णायक रूप से लगाम लगा सकें। इस कायरतापूर्ण हमले के साजिशकर्ताओं और अपराधियों को उनके कृत्य के पूर्ण परिणाम भुगतने चाहिए। कांग्रेस सरकार से आग्रह करती है कि वह मजबूती, रणनीतिक स्पष्टता और अंतरराष्ट्रीय समन्वय के साथ कार्य करे, ताकि पाकिस्तान को हमारे देश में आतंक फैलाने के उसके निरंतर प्रयासों के लिए वैश्विक मंच पर अलग-थलग और दंडित किया जा सके कार्य समिति ने मांग करते हुए कहा, पीड़ित परिवारों को दीर्घकालिक नैतिक और संस्थागत सहायता दी जाए।

## राहुल के दबाव में हुआ जाति जनगणना का फैसला, अब समय भी करें तय : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार ने उसकी नेता राहुल गांधी के जाति जनगणना पर मुखर होने और जनमत को देखते हुए कांग्रेस के दबाव में जाति जनगणना करने का फैसला किया है लेकिन अब उसे यह भी बताना होगा की यह काम कब तक होगा और इसके लिए कितना बजट आवंटित किया जा रहा है।

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद पार्टी नेता भूपेश बघेल, सचिन पायलट, चरणजीत सिंह चन्नी तथा जयराम रमेश ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। इस मुद्दे पर कार्य समिति की बैठक लगभग दो घंटे चली, जिसमें सामाजिक न्याय को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ है। समिति ने कहा कि पूरी भाजपा और नेताओं के विरोध के बावजूद कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस मुद्दे को लेकर बहुत मुखर रहे। कांग्रेस नेताओं और श्री गांधी को अर्बन नक्सल तक कहा गया और जो दल 11 साल से सत्ता में है उसने जाति गणना को देश और समाज के लिए 'जहर' की संज्ञा दी।

# पेज एक का शेष

### सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइट...

और अन्य निर्दोष लोगों से जुड़ी वेबसाइटों पर हमला करने के बार-बार प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि भूतपूर्व सैनिकों और परिवारों के प्लेटफार्मों पर हमला करना पाकिस्तान की एक और नीच हरकर तथा अनैतिक तरीकों से काम करने के उसके निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। पाकिस्तान प्रायोजित हैकर्स द्वारा आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की वेबसाइट और भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिकों की वेबसाइट को हैक करना डिजिटल युद्धक्षेत्र में तनाव भड़काने और बढ़ाने के पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के इरादे को और स्पष्ट करता है। सूत्रों का कहना है कि बेशर्मी से किये जा रहे ये साइबर हमले पाकिस्तान द्वारा उकसावे के व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं। पाकिस्तान हताशा में लंबे समय से भारत के खिलाफ आतंकवाद और सूचना युद्ध का इस्तेमाल करने में जुटा है। सूत्रों का कहना है कि ऐसा लगता है कि से हरकतें कर पाकिस्तान भारत के संयम और धैर्य की परीक्षा ले रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

मिसाल के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि यह इस मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों में से है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुझाव दिया कि परिवार निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करे। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि भारतीय नागरिक होने के बावजूद पूरे परिवार को गिरफ्तार किया गया है। अदालत ने कहा जब तक ऐसा सत्यापन पूरा नहीं हो जाता और अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक उनके खिलाफ कोई निर्वासन या अन्य बलपूर्वक कार्रवाई नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत ने मामले को बंद कर दिया और परिवार के दावों को सत्यापित करने का काम अधिकारियों पर छोड़ दिया।

### तेज आंधी में पेड़ ...

चार सदस्यों की दुखद मृत्यु और एक व्यक्ति के घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है।मैं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएँ व्यक्त करती हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति दें तथा घायल व्यक्ति को शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा, इस कठिन समय में दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। जिला प्रशासन को हर आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर...

बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरी तरह से बंद किया गया है। यहां सुरक्षा के लिए इस पूरे क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। भारतीय वायु सेना का शक्ति प्रदर्शन देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों भारी संख्या में जुड़े।

### ट्रांसजेंडर समुदाय...

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में ट्रांसजेंडर समुदाय के सभी पात्र व्यक्तियों को चिह्नित कर तत्काल प्रभाव से राशन कार्ड जारी करें। राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और सरल बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित न रहना पड़े। इस अभियान के अंतर्गत पात्रता की पुष्टि के उपरांत संबंधित व्यक्तियों को ''पात्र गृहस्थी'' श्रेणी में सम्मिलित कर उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित किया जाएगा। योगी सरकार का यह कदम उनके उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को व्यवहार में उतारा जा रहा है। ट्रांसजेंडर समुदाय, जो अक्सर समाज की उपेक्षा का शिकार होता आया है, अब समान अधिकारों और सुविधाओं का लाभ पाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी अक्सर कहते हैं कि उत्तर प्रदेश का कोई भी नागरिक चाहे उसकी पहचान कुछ भी हो सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। राज्य में 60 वर्ष से अधिक आयु के ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को वृद्धाश्रम की सुविधा देने का फैसला किया है, जिससे उन्हें न केवल आश्रय मिलेगा, बल्कि एक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, भोजन और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग जैसी आवश्यक सेवाएं भी दी जाएंगी। इसके अलावा ट्रांसजेंडर समुदाय की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रदेश सरकार ने हर जनपद में ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना की है। जिलाधिकारी देखरेख में इस सेल संचालित की जा रही है। अब तक 1,067 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है। साथ ही 248 ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा में आकर आत्मनिर्भर बन सकें। योगी सरकार का लक्ष्य एक समावेशी समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर मिले। ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### तकनीकी एवं व्यावसायिक...

पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फ्रंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 39 नए राजकीय पॉलीटेक्निक स्थापित किए गए हैं तथा 13,000 से अधिक शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 324 राजकीय एवं 2982 निजी आईटीआई प्रदेश में संचालित हैं। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से 212 राजकीय आईटीआई को आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं कुशल प्रशिक्षकों से सुसज्जित कर उन्नत बनाया गया है। इन संस्थानों में दीर्घकालिक ट्रेड्स के साथ-साथ स्वल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में लगभग 1.25 लाख प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 30,000 से अधिक छात्रों द्वारा आवेदन किया जा चुका है। यह भी अवगत कराया गया कि सीएसआर फंड के माध्यम से राज्य के 37 से अधिक जनपदों में प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों द्वारा आधुनिक कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। साथ ही, मासिक प्लेसमेंट डे के आयोजन से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में सफलता मिली है। एनपीएस और सीएमएपीएस योजनाओं के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में 2.67 लाख से अधिक अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को उद्योगों से और अधिक गहराई से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक छात्र को प्रशिक्षण के साथ एक निश्चित अवधि की औद्योगिक इंटर्नशिप सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल प्रमाण-पत्र प्राप्ति का माध्यम न होकर एक व्यवहारिक, कौशलपूर्ण एवं उपयोगी प्रणाली होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और प्रत्येक युवा को उसके कौशल के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

### करापवंचन रोकने के...

लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में 9,986.15 करोड़ रुपये का जीएसटी/वैट संग्रहण हुआ, यह संतोषप्रद है। आने वाले महीनों में लक्ष्य के सापेक्ष इसे और बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ज़ोन जैसे गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, लखनऊ द्वितीय, अलीगढ़, कानपुर प्रथम और झांसी ने अप्रैल माह में 60 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य अर्जित कर सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ द्वारा 71.66 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति की गई है। वहीं, कुछ ज़ोन, कॉर्पोरेट सर्किल और सेक्टरों में अपेक्षित संग्रह न हो पाने पर उन्होंने सुधार की आवश्यकता जताई। उन्होने कहा, ह्लवाराणसी, इटावा,, गोरखपुर, कानपुर द्वितीय और आगरा जैसे ज़ोन/कॉर्पोरेट सर्किलों को और अधिक परिणामोन्मुखी कार्य करना होगा। इसी प्रकार मुज़फ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर और जालौन के कुछ सेक्टरों में भी सुधार की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारियों को ठोस और क्षेत्रीय कार्ययोजना बनाकर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एडिशनल कमिश्नरों से भी संवाद किया और उनके अधीनस्थ अधिकारियों/कार्मिकों की उपलब्धता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से फील्ड की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए व्यापारियों से सतत संवाद बनाये रखने के भी निर्देश दिए। उन्होने विभाग को निर्देशित किया कि वह तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आईटी टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का अधिकाधिक उपयोग कर न केवल संग्रहण क्षमता बढ़ाई जाए, बल्कि करदाताओं को एक सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद अनुभव भी प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारी व्यापारियों से संवाद बनाये रखें और समय से सही रिटर्न फाइल करने में यथासम्भव सहायता करें।

# जन अभियान के माध्यम से 'नक्शा' कार्यक्रम का लाभ जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य : शिवराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समग्र कृषि और ग्रामीण विकास के लिए मैराथन बैठकों का दौर जारी है। कृषि भवन में शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चौहान ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन विभाग की योजनाओं-कार्यक्रमों की समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीक का जलग्रहण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मृदा व नमी संरक्षण डेटा के आधार पर निर्णय सहायता प्रणाली विकसित करके ग्राम समुदाय और व्यक्तिगत किसानों को उचित सलाह दी जाना चाहिए। शिवराज सिंह ने कृषि भूमि के लिए डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) तथा शहरी भूमि सर्वेक्षण के लिए नक्शा कार्यक्रम के तहत प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि डीआईएलआरएमपी के तहत अधिकारों के अभिलेख 99 प्रतिशत तक कम्प्यूटरीकृत किए जा चुके हैं। भूकर मानचित्रों को लगभग 97 प्रतिशत तक डिजिटाइज किया जा चुका है। उप रजिस्ट्रार कार्यालयों को 95 प्रतिशत तक कम्प्यूटराइज किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रगति की सराहना करते हुए आगे बेहतर प्रयास करने व अधिकाधिक लोगों तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जन अभियान शुरू करने को कहा। नक्शा कार्यक्रम को देश के 29 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में 152 शहरी स्थानीय निकायों में चलाया जा रहा है, जिनमें से 61 में एरियल फ्लाइंग का काम पूरा हो चुका है। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के तहत जलग्रहण विकास परियोजनाओं को जनांदोलन की तरह क्रियान्वित किया जाना चाहिए। आम जनता, जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स सहित सभी हितधारकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएं। स्प्रिंगशेड विकास पर भी चर्चा हुई, जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में स्प्रिंगशेड विकास किया जाना चाहिए, ताकि आबादी को कम पानी उपलब्धता वाले महीनों में पानी उपलब्ध कराया जा सके। स्थानीय आबादी को पीने का पानी उपलब्ध कराने के अलावा, यह प्रमुख नदी प्रणालियों के जल प्रवाह को भी बढ़ाएगा, जो अंततः मैदानी क्षेत्रों में रहने वाली बड़ी आबादी की मदद करेगा। अन्य प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा- डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई अंतर्गत वाटरशेड विकास परियोजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु मनरेगा, आरकेवीवाई, पीडीएमसी, एमआईडीएच जैसी योजनाओं के साथ अधिकतम अभिसरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि शेष शहरी स्थानीय निकायों में भी एरियल फ्लाइंग कार्य निर्धारित समय-सीमा अर्थात जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएं।



# भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष सारनाथ से वियतनाम पहुंचे प्रार्थना के बाद अवशेषों को मठ में किया गया स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहल के रूप में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को एक विशेष विमान से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर पहुंचे। यह यात्रा 6-8 मई तक वियतनाम में वेसाक के संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह की शुरुआत का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और आंध्र प्रदेश के मंत्री कंडुला दुर्गेश के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भिक्षु और वरिष्ठ अधिकारी सारनाथ से पवित्र अवशेषों को साथ लेकर पहुंचे। वियतनाम सरकार और बौद्ध संघ ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। औपचारिक प्रार्थना के बाद पवित्र अवशेषों को थान टैम मठ में स्थापित किया गया। शांति और मित्रता के प्रतीकात्मक रूप में वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय में भारत से लाया गया एक पवित्र बोधि वृक्ष का पौधा भी लगाया गया।



भारतीय प्रतिनिधिमंडल और वियतनामी संघ के नेताओं द्वारा एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जहां किरेन रिजिजू ने भारत के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश दिया। वियतनाम सरकार बुद्ध के पवित्र अवशेष के यहां लाने के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई, 2025 तक वेसाक दिवस स्मरणोत्सव के भाग के रूप में वियतनाम में रहेंगे। माना जाता है कि यह प्रतिष्ठित अवशेष 246 ई. से भी पुराना है, जिसे मूल रूप से नागार्जुनकोंडा, आंध्र प्रदेश से खोदकर निकाला गया था और यह महाबोधि सोसाइटी सारनाथ के संरक्षण में है। पवित्र अवशेष को 2 से 8 मई तक औपचारिक रूप से स्थापित कर पूजन किया जाएगा।

## पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दुख जताया

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आंधी और बारिश के दौरान जाफरपुर कलां में पेड़ गिरने से एक परिवार के चार लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा कि कल देर रात और आज सुबह दिल्ली एनसीआर में आंधी-बारिश के दौरान पेड़ गिरने की कई घटनाएं सामने आई है। दिल्ली जलबोर्ड एवं दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों ने जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए सुबह से काम में लगाए। इन कर्मियों ने दिल्ली की सड़कों से तुरंत पानी की निकासी एवं सफाई सुनिश्चित की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जाफरपुर कलां हादसे के बाद भाजपा के क्षेत्रीय विधायक संदीप सहरावत, पार्षद अमित खरखड़ी एवं शशी यादव ने पीड़ित परिवार के लिए राहत एवं दुर्घटना में घायल परिवार के मुखिया के लिए मेडिकल राहत सुनिश्चित की।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के समय विपदा आने पर सत्ताधारी लोग गायब हो जाते थे। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार के दौरान आंधी और बारिश के समय मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर और पार्षद सड़कों पर उतरकर व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुट गए। आंधी-बारिश के तुरंत बाद दिल्ली में जलभराव और सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिली दो किशोरियां, एक की मौत व दूसरी गंभीर

हरिद्वार। लक्सर कोतवाली क्षेत्र में कुड़ी भगवानपुर गांव के पास गुरुवार देर रात को रेलवे ट्रैक पर दो किशोरियां बेहोशी की हालत में पड़ी हुई मिलीं। लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों किशोरियों को अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रायसी चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी के मुताबिक दोनों किशोरियां पास के ही गांव की रहने वाली हैं। दोनों किशोरियां रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचीं, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। एक किशोरी की मौत हो गई है, जबकि दूसरी की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

पुलिस के मुताबिक दूसरी किशोरी के होश में आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा कि उनके साथ क्या घटना घटी है। पुलिस ने अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यही जानकारी मिल पाई है कि गुरुवार को गांव में कोई शादी थी, जिसमें दोनों किशोरियां पहुंची थीं। लेकिन शाम से ही दोनों किशोरियां लापता थी, जो देर रात रेलवे ट्रैक के किनारे मिलीं।

## भाजपा महिला मोर्चा ने की आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग

नैनीताल। नगर में नाबालिग के साथ हुए जघन्य अपराध के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की और बालिका की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मामले की गंभीरता से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बालिका को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी को दो परामर्शदाता नियुक्त करने के आदेश भी जारी किए। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि घटना की पूरी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा के साथ विमला अधिकारी, प्रेमा अधिकारी, प्रगति जैन, रमा भट्ट, रीना मेहरा, आशा आर्या, दीपिका बिनवाल, नीतू जोशी, कविता त्रिपाठी, विमला बिष्ट, मीरा बिष्ट, तुसी साह, राधा खोलिया, सरिता बिष्ट, किरण आर्या, जया हंसी रावत सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अयोध्या की तर्ज पर विकसित होगा बिहार के सीतीमढ़ी का पुनौराधाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना । बिहार के सीतामढ़ी में स्थित मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम को अयोध्या के राम जन्मभूमि की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के समग्र विकास के लिए मेसर्स डिजाइन एसोसिएट्स इन कॉरपोरेटेड को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, जो डिजाइन कंसल्टेंट के तौर पर काम करेगी। वर्तमान में मंदिर परिसर में 17 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जबकि इसके व्यापक विकास के लिए अतिरिक्त 50 एकड़ भूमि को चिह्नित किया गया है। इस परियोजना की लागत 120 करोड़ 58 लाख रुपये आंकी गई है, जिसे नवंबर 2024 में प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। पूर्वी चंपारण जिले में स्थित सीताकुंड के पुनर्विकास की योजना को भी



मंजूरी मिल चुकी है। इस स्थल के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष की पहली किस्त के रूप में 6 करोड़ 55 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। यहां पर प्रवेश द्वार, कैफ़ेटेरिया, चहारदीवारी, शौचालय ब्लॉक और दुकानों के निर्माण सहित सम्पूर्ण परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यह कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की देखरेख में अगले 18 महीनों में पूरा होगा। सीतामढ़ी जिले के अंतर्गत आने वाले पंथपाकर स्थल को भी भव्य रूप देने की तैयारी है। इस स्थान को लेकर मान्यता है कि जब भगवान राम के साथ माता सीता अयोध्या जा रही थीं, तब यहीं पर उनकी डोली रुकी थी। ऐसा कहा जाता है कि यहां स्थित कुंड का पानी कभी सूखता नहीं है। सरकार की योजना के अनुसार यहां मंदिर परिसर का विस्तार, पहुंच पथ निर्माण, कैफ़ेटेरिया, पार्किंग, थीमेटिक प्रवेश द्वार, पेयजल, स्ट्रीट लाइटिंग, घाटों का निर्माण और तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस परियोजना को भी पर्यटन विकास निगम आगामी 24 महीनों में पूरा करेगा। मधुबनी जिले में

### पंथपाकर के साथ-साथ फूलहर स्थान का भी होगा विकास

### दरभंगा के अहिल्या स्थान मंदिर परिसर का भी होगा कायाकल्प

स्थित फूलहर स्थान, जहां राम और सीता का प्रथम मिलन हुआ था, उस स्थल को भी विकसित किया जा रहा है। इसके लिए इस वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ रुपये की पहली किस्त स्वीकृत कर दी गई है। योजना के तहत पार्किंग क्षेत्र, चहारदीवारी, कैफ़ेटेरिया, शौचालय ब्लॉक, प्रवेश व्यवस्था, घाट का विकास और लेजर फाउंटेन शो जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस स्थल को आकर्षक पर्यटन स्थल में बदलने का लक्ष्य अगले दो वर्षों में पूरा किया जाएगा। दरभंगा जिले के अहिल्या स्थान मंदिर परिसर का भी कायाकल्प किया जाएगा।

## पावनधाम आश्रम में 3डी वीआर से होंगे देश के प्रमुख तीर्थों के सजीव दर्शन

हरिद्वार। हरिद्वार में आने वाले तीर्थयात्रियों व स्थानीय निवासियों के लिए एक नई आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत हो रही है। गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर पावन धाम आश्रम में 3डी वी आर के माध्यम से देश के प्रमुख मंदिरों के सजीव दर्शन होंगे। संस्था के अध्यक्ष सुनील गर्ग, एडवोकेट व महामंत्री अंशुल श्री कुंज ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दुर्लभ दर्शन केंद्र का नवीनतम केंद्र आज पावनधाम में खुलेगा, जहां अत्याधुनिक 3डी वीआर तकनीक के माध्यम से भक्त पूरे भारत के पवित्र स्थलों के दिव्य दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में ज्योतिर्लिंग, महाकाल, काशी विश्वनाथ, शक्तिपीठ, वैष्णो देवी, अयोध्या राम मंदिर दर्शन, राम वन गमन पथ और जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे प्रमुख तीर्थों का अनुभव करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैष्णो देवी, अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन और मैहर में इस केंद्र की सफलता के बाद हरिद्वार में भी यह पहल शुरू की गई है। यह पहल उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से आकर्षक है जो चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार आते हैं, अब वे यहीं से देश के अन्य प्रमुख तीर्थस्थलों का भी अनुभव ले सकते हैं।

# देवभूमि में अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा : पुष्कर सिंह धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शासकीय आवास पर नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में हाल ही में हुई घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में उच्चाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नैनीताल में पीड़िता को पूरी



सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस घटना पर अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ हर स्थिति पर नजर रखने को कहा है। हमारी सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफ़वाह फैलाने पर तत्काल उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही वैरिफिकेशन अभियान को भी तेज करने के लिए निर्देश दिए। उत्तराखंड की पवित्र भूमि और इसकी अस्मिता के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी व्यक्ति या संगठन देवभूमि की एकता को तोड़ने का दुस्साहस करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दैवीय शक्तियों के जागृत होते ही दुरात्माओं का हो जाता है अंत : विज्ञानानंद सरस्वती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । श्री गीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष शतायु संत, महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि असुरों के उपद्रव बढ़ते ही दैवीय शक्तियां जागृत हो जाती हैं और दुरात्माओं का अंत हो जाता है। युग और समय परिवर्तनशील होते हैं, जो अब शीघ्र बदलने वाले हैं। वे आज विष्णु गार्डन स्थित श्री गीता विज्ञान आश्रम में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय श्री गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। बदलते वैश्विक परिवेश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चींटी की जब मृत्यु निकट होती है तो उसके पर निकल आते हैं। यही हाल छोटे-छोटे देशों का है, जो बड़े देशों की भावनाएं भड़काकर रावण की तरह अपना मोक्ष चाहते हैं। गायत्री महायज्ञ को विश्व कल्याण का सूचक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत सभी का कल्याण चाहता है और सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना के साथ अक्षम्य अपराधों को भी ज्यादा गंभीरता से नहीं लेता है, लेकिन यह सत्य है कि विजय सदैव सच्चाई की ही होती है।

प्रकृति में विद्यमान आत्माओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सृष्टि के रचनाकाल से ही देव आत्मा, धर्मात्मा और असुरात्मा होते आए हैं। सतयुग, त्रेता और द्वापर में स्वयं भगवान ने अवतरित होकर असुर आत्माओं का संहार किया और कलयुग के राक्षसों का अंत करने के लिए अब धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने वालों को ही भगवान ने सक्षम बना दिया है। अनादिकाल से राक्षस स्वयं को देवात्माओं

## नौ वर्षीय भतीजी से दुष्कर्म करने वाला कलयुगी चाचा गिरफ्तार

हरिद्वार । अपनी नौ वर्षीय भतीजी का यौन शोषण करने वाले आरोपित कलयुगी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची के पिता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व मंगलौर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपनी नौ वर्षीय बेटी से दुष्कर्म का आरोप दूर के रिश्ते के चाचा पर लगाते हुए तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जानकारी मिलने पर एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने मंगलौर पुलिस को जल्द से जल्द आरोपित को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपित चाचा अफजल पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी, मोहल्ला किला बाजार लंढौरा, मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपित का चालान कर दिया है।

# नाबालिग से रेप मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने महिला दारोगा को किया निलंबित


कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिवाढार पंचायत के एक गांव के नाबालिग से रेप मामले में पुलिस की घोर लापरवाही सामने आने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने बड़ी कार्रवाई की है। केस की अनुसंधानकर्ता दारोगा पिंकी कुमारी को एसपी ने निलंबित कर दिया है। पूरे मामले की जांच का जिम्मा अरेराज डीएसपी रंजन कुमार को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है,कि बीते 27 अप्रैल को थाना क्षेत्र के एक गाँव मे एक लड़की के साथ रेप की घटना हुई थी। उसी दिन पीड़ित लड़की अपने माँ के साथ थाना पर जाकर आवेदन दिया। जिसमे लउकरिया गांव के युवक सेराज को आरोपित किया। लेकिन पुलिस जाँच के नाम पर दो दिन तक पीड़ित के घर नहीं पहुंची। पीड़ित परिजन इस दौरान दारोगा पिंकी कुमारी को फोन करते रहे। वह आने का आश्वासन देती रही। नहीं आने




पर 29 अप्रैल को दोबारा थाने पहुंचकर केस दर्ज करने का दबाव बनाया। तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा। आरोप है कि मेडिकल में भेजने से पहले पुलिस ने परिजनों को डराने की भी कोशिश की और मेडिकल जांच के खर्च की बात कर मामले को दबाने का प्रयास किया।

दारोगा पिंकी पीड़ित के परिजन को मोबाइल से फोन कर मेडिकल जाँच मे जाने के लिए लग्जरी गाड़ी लेकर आने का डिमांड की। स्कार्पिओ गाड़ी भाड़े पर ले जाने पर वह मेडिकल कराने 29 अप्रैल को गई। फिर कोर्ट मे जाने के लिए दारोगा ने लग्जरी गाड़ी का डिमांड किया। लेकिन पीड़ित गाड़ी नहीं ले गए। दारोगा व पीड़ित का ऑडियो वायरल हो गया। जिसकी जाँच एसपी ने कराने के बाद शुक्रवार को दारोगा पिंकी को निलंबित कर दिया। वही घटना के छह दिन बाद शुक्रवार को पुलिस की टीम पीड़िता के घर पहुंची। पीड़ित लड़की व परिजन से मामले की पूछताछ की। वहीं एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने भी छठे दिन पीड़िता के घर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, लेकिन इतने दिन बाद घटनास्थल से सटीक साक्ष्य मिलना मुश्किल माना जा रहा है।इस मामले ने न केवल पुलिस की संवेदनहीनता को उजागर किया है बल्कि जांच प्रक्रिया की लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छह दिन तक पीड़िता और उसके परिवार को इंसाफ के लिए भटकना पड़ा, वहीं आरोपी अब तक फरार है।ऐसा माना जा रहा है,कि एसपी की कार्रवाई के बाद मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063